प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
रविवार 15 दिसम्बर 2024
● वर्ष 03 ● अंक 124
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया

37 वर्ष 1987-2024

श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88

**'संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने आरोपर लगाते हुए कहा**

# 'कांग्रेस ने संविधान को 'लहूलुहान' किया'



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 'खून चखने' के बाद संविधान को बार–बार 'लहूलुहान' किया जबकि 2014 में सत्ता संभालने के बाद से उनकी सरकार की नीतियों और फैसलों का उद्देश्य संविधान की दृष्टि के अनुरूप भारत की ताकत और एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने भारतीय संविधान की 75 साल की यात्रा को 'असाधारण' करार दिया और विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस दौरान 55 साल 'एक ही परिवार' ने राज किया, जिसने देश का संविधान छिन्न–भिन्न करते हुए आपातकाल लगाया, अदालत के 'पंख' काट दिए और संसद का 'गला घोंटने' तक का काम किया।

'संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए संविधान और उसकी पवित्रता व शुचिता सर्वोपरि है और यह सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं है।

मोदी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए उन पर देश की विविधता में 'जहरीले' बीज बोने का आरोप लगाया ताकि देश में विरोधाभासों को बल मिल सके और उसकी एकता को नुकसान पहुंचे। उन्होंने कहा, ''संविधान का दुरुपयोग करना और उसकी आत्मा को नष्ट करना कांग्रेस के डीएनए का हिस्सा रहा है। हमारे लिए संविधान, इसकी पवित्रता और इसकी अखंडता का सबसे बड़ा महत्व है। ये सब सिर्फ शब्दों में नहीं है... जब–जब हमे कसौटी पर कसा गया, तब–तब पाया गया कि हम तप करके निकले हुए लोग हैं...।''

■ **प्रधानमंत्री ने देशवासियों के समक्ष अपने 11 संकल्प भी पेश किए, जिनमें हाशिए पर मौजूद वर्गों के लिए मौजूदा आरक्षण को बरकरार रखना लेकिन धर्म आधारित आरक्षण का कड़ा विरोध करना शामिल है।**

## 'गरीबी हटाओ' भारत के इतिहास का सबसे बड़ा जुमला

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत के इतिहास का सबसे बड़ा जुमला 'गरीबी हटाओ' है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'गरीबी हटाओ' नारा दिया था।

संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में दो दिवसीय चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक शब्द है जो कांग्रेस को बहुत पसंद है। उन्होंने कहा, ''उनका (कांग्रेस का) सबसे पसंदीदा शब्द, जिसके बिना वे नहीं रह सकते... वह 'जुमला' है।''

मोदी ने कहा, ''कांग्रेस में हमारे मित्र दिन–रात 'जुमला' शब्द का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन यह देश जानता है कि भारत में सबसे बड़ा जुमला, जिसे चार पीढ़ियों ने इस्तेमाल किया है, वह 'गरीबी हटाओ' है।''

'गरीबी हटाओ, देश बचाओ' इंदिरा गांधी के 1971 के चुनाव प्रचार अभियान का नारा था।

मोदी ने कहा, ''यह एक जुमला था जिसने उन्हें राजनीतिक रूप से मदद की लेकिन गरीबों की मदद नहीं की।'' उन्होंने कहा, ''क्या कोई बता सकता है कि लोगों के पास शौचालय तक नहीं होना चाहिए था? शौचालय निर्माण के लिए अभियान भी मेरी सरकार ने शुरू किया।''

प्रधानमंत्री ने इस दौरान उनकी सरकार की ओर से गरीब कल्याण की दिशा में उठाए गए विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया।

मोदी ने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''आपने टीवी और अखबारों में गरीब और गरीबी देखी है, आप नहीं जानते कि गरीबी क्या होती है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''गरीबों को मुश्किलों से मुक्ति मिले, यह उनकी सरकार का बहुत बड़ा संकल्प है।'' उन्होंने कहा कि आज 25

प्रधानमंत्री ने देशवासियों के समक्ष अपने 11 संकल्प भी पेश किए, जिनमें हाशिए पर मौजूद वर्गों के लिए मौजूदा आरक्षण को बरकरार रखना लेकिन धर्म आधारित आरक्षण का कड़ा विरोध करना शामिल है।

मोदी ने कहा कि संविधान सभा ने व्यापक चर्चा के बाद धर्म आधारित आरक्षण के खिलाफ फैसला किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए धर्म के आधार पर आरक्षण का वादा कर रही है।

## पीएम ने सदन के सामने रखे 11 संकल्प

1. सभी नागरिक और सरकार अपने-अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें।
2. हर क्षेत्र और समाज को विकास का समान लाभ मिले, सबका साथ, सबका विकास की भावना बनी रहे।
3. भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए, और भ्रष्टाचारियों की सामाजिक स्वीकार्यता समाप्त हो।
4. देश के कानूनों और परंपराओं के पालन में गर्व का भाव जागृत हो।
5. गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिले और देश की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व किया जाए।
6. राजनीति को परिवारवाद से मुक्त कर लोकतंत्र को सशक्त बनाया जाए।
7. संविधान का सम्मान हो और राजनीतिक स्वार्थ के लिए उसे हथियार न बनाया जाए।
8. जिन वर्गों को संविधान के तहत आरक्षण मिल रहा है, वह जारी रहे, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण न दिया जाए।
9. महिलाओं के नेतृत्व में विकास को प्राथमिकता दी जाए।
10. राज्य के विकास के माध्यम से राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित किया जाए।
11. एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को सर्वोपरि रखा जाए।

## बिहार में राजद की सरकार बनी तो महिलाओं को देंगे 2500 रुपए : तेजस्वी यादव

**पटना/ एजेंसी ।** बिहार में अगर राष्ट्रीय जनता दल की सरकार बनती है तो सरकार बनने के 1 महीने के भीतर सभी महिलाओं को 2500 प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपनी राज्य यात्रा के दौरान इस आशय की घोषणा की है। महिलाओं को मिलने वाली यह राशि ₹माई-बहन मान योजना₹ के तहत दी जायेगी। यह राशि सीधे महिलाओं के अकाउंट में ट्रांसफर होगी।

उन्होंने कहा कि राजद के ग्राम, ब्लॉक और जिले के राजद समर्थकों से हमें फीडबैक मिल रहा है। राज्य में महिलाएं गरीबी की समस्या से जूझ रही हैं। हम इसका निदान करेंगे । अपनी यात्रा के दौरान मैंने सरकार की नाकामियों को उजागर करने का काम किया है। राज्य की जनता ने संकेत दे दिया है कि वह संपूर्ण बदलाव चाहती है।

# पीएम मोदी के 11 संकल्पों पर अखिलेश यादव का तंज, कहा - संसद में 11 'जुमले' सुनने को मिले

नई दिल्ली ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में संविधान के 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा के बाद 106 मिनट के अपने जवाब में विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए संवैधानिक मूल्यों की भावना के अनुरूप 11 संकल्प पेश किए। इन 11 संकल्पों को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने ₹11 जुमले₹ करार दिया।

अखिलेश यादव ने सदन के बाद पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री का आज का बहुत लंबा भाषण था। आप लोगों से बेहतर कौन जान सकता है कि 'जुमले' से किसको जाना जाता था। आज हम लोगों को 11 जुमलों का संकल्प सुनने को मिला है। 15 लाख रुपये जुमला था। किसानों की आय दोगुनी होगी, वह जुमला था। एक करोड़ नौकरियां मिलेंगी, वह जुमला था। अग्निवीर जैसी नौकरी एक जुमला है। जीएसटी से महंगाई कम होगी यह भी जुमला निकला। उत्तर प्रदेश में आपको याद होगा कि इन्होंने कहा था कि जानवरों से सड़कें खाली हो जाएंगी, सड़कों पर जानवर नहीं दिखेंगे, वह बात भी जुमला निकली।

उन्होंने कहा कि भाजपा की परिवारवाद की बात भी जुमला निकली, क्योंकि इनके दल में ही परिवारवाद भरा पड़ा है। भारतीय जनता पार्टी कह रही है कि हम आरक्षण दे रहे हैं, लेकिन सच तो यह है कि पिछड़े, दलित और आदिवासियों का आरक्षण छीना जा रहा है। जाति जनगणना को लेकर हम लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इसे लेकर लगातार हम आगे बढ़ रहे हैं। वह दिन आएगा जब जाति जनगणना भी होगी और आबादी के हिसाब से लोगों को हक और सम्मान भी मिलेगा। उनके अभी तीन जुमले और बचे हैं। जब समय आएगा तो आप खुद देख लेना। यह सरकार लोगों को ऐसे ही भटकाएगी।

# देश में 'संविधान बनाम मनुस्मृति' की लड़ाई : राहुल गांधी

**सत्ता में आने पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की 'दीवार' को भी तोड़ेंगे**



**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के एक ''कथन'' का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी तथा सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटा था, उसी तरह से आज देश के युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा है एवं आज देश में ''संविधान बनाम मनुस्मृति'' की लड़ाई है।

राहुल गांधी ने लोकसभा में 'संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा भी किया कि सावरकर ने कहा था कि संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है और उन्होंने संविधान के मुकाबले मनुस्मृति को महत्व दिया था। उन्होंने सत्तापक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज जब भाजपा के लोग संविधान की रक्षा की बात करते हैं तो वो अपने 'सुप्रीम लीडर' सावरकर का अपमान करते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दल सत्ता में आने पर जातिगत जनगणना करवाएंगे और आरक्षण की 50 प्रतिशत की ''दीवार'' को भी तोड़ेंगे।

राहुल गांधी ने गुरु द्रोणाचार्य और एकलव्य की गाथा का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे एकलव्य का अंगूठा कटा था, उसी तरह सरकार पूरे देश के युवाओं का अंगूठा काट रही है। उन्होंने आरोप लगाया, जैसे एकलव्य ने तपस्या की थी, वैसे ही हिंदुस्तान के युवा सुबह उठकर अलग–अलग परीक्षा की तैयारी करते हैं। लेकिन जब आपने 'अग्निवीर' लागू किया, तब आपने उन युवाओं का अंगूठा काटा।

राहुल गांधी ने कहा कि जब पेपर लीक होता है, तब हिंदुस्तान के युवाओं का अंगूठा काटा जाता है।

राहुल गांधी ने कहा, आपने दिल्ली के बाहर किसानों पर आंसू गैस चलाई (का प्रयोग किया) है, लाठियां चलाई हैं। किसान आपसे एमएसपी की मांग करते हैं, लेकिन आप दो उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाते हैं और इस तरह से किसानों का अंगूठा काटने का काम करते हैं।

उद्योगपति गौतम अदाणी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, जब आप एक उद्योगपति को धारावी परियोजना देते हैं, बंदरगाह और हवाई अड्डे देते हैं तो आप हिंदुस्तान का अंगूठा काटते हैं।

राहुल गांधी ने दावा किया कि सावरकर ने संविधान के बारे में कहा था कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। कांग्रेस नेता ने सत्तापक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, यह आपके 'सुप्रीम लीडर' ने कहा था, जिनकी आप पूजा करते हैं। ऐसे में जब आप संविधान की रक्षा की बात करते हैं तो आप सावरकर को कमतर और अपमानित करते हैं।

## बोकारो : सड़क हादसे में 5 मरे, तीन घायल

**बोकारो ।** बोकारो जिले में कसमार प्रखंड के दांतु में शुक्रवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं 3 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना बोकारो-रामगढ़ नेशनल हाईवे (एनएच-23) पर डाकबंगला के समीप हुई है। दांतू गांव के पास एक बोलेरो अनियंत्रित हो कर खड़े हुए ट्रेलर से जा टकराई। कार में सवार लोग रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के सूतरी गांव के रहने वाले थे। ये सभी अपने रिश्तेदार के यहां मुंडन कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। हादसे में कार में सवार 5 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 4 एक ही परिवार के थे।

# हमारी सरकार ने आधी आबादी को किया सशक्त : हेमंत सोरेन





**साहिबगंज।**

राज्य में अबुआ सरकार गठन होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहली बार एक दिवसीय दौरे पर अमर शहीद सिद्धों-कान्हू के पैतृक गाँव भोगनाडीह फुटबॉल मैदान पहुँचे। भोगनाडीह पहुँचते ही सर्वप्रथम सीएम हेमंत सोरेन को गार्ड ऑफ होनर देकर सम्मानित किया गया । इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गांडेय के विधायक सह हेमंत सोरेन के धर्मपत्नी कल्पना सोरेन ने अमर शहीद सिद्धों-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया,इसके बाद भोगनाडीह फुटबॉल मैदान में पूर्व से आयोजित योजनाओं का शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण समारोह में शामिल हुए,इसके बाद मंच से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनसभा से जनताओं का तेह दिल से आभार जताया,इसके बाद राज्य में बने अबुआ सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को शत-प्रतिशत धरातल पर उतार ने की बात कही है,

इस दौरान-गांडेय के विधायक कल्पना सोरेन, लिट्टीपाड़ा के विधायक हेमलाल मुर्मू,बोरियो के विधायक धनजंय सोरेन, व राजमहल के विधायक एमटी राजा सहित कई अन्य कार्यकर्त्ता शामिल रहे।

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा: अभ्यर्थी और जेएसएससी आमने-सामने

■ **विभिन्न जिलों से रांची में जुटेंगे अभ्यर्थी, आज करेंगे प्रर्दशन**

■ **जेएसएससी के सचिव ने कहा परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं**

*रांची* जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर अभ्यर्थी और जेएसएससी आमने-सामने आ गये हैं। अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगा रहे। राज्यभर के अभ्यर्थी रविवार को रांची में जुट रहे हैं। वे प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करायेंगे। वहीं, जेएसएससी सचिव ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा है कि परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। उधर, स्पेशल ब्रांच ने अलर्ट जारी किया है, जिसमें राज्य भर से पांच हजार से अधिक अभ्यार्थियों के जमा होने की उम्मीद जतायी है। इस अलर्ट पर पुलिस प्रशासन ने किसी आपात स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी कर ली है।

## सीजीएल परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं सारे आरोप बेबुनियाद : सुधीर गुप्ता



**रांची**

जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा है कि सीजीएल परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हर तरह की जांच के बाद वह यह कहने की स्थिति में हैं कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल में जेएसएससी के पदाधिकारियों को जान से मारने की धमकी भी दी गयी है। धमकी इ-मेल के जरिये दी गयी है। गुप्ता शनिवार को रांची में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

**उपलब्ध करायी गयी सीडी खाली थी:** गुप्ता ने कहा कि गड़बड़ी की बात कहते हुए प्रदर्शन करने वालों ने जो सीडी उपलब्ध करायी थी, वह ब्लैंक पायी गयी। शिकायतकर्ताओं द्वारा जो आरोप लगाये गये थे, उसे शपथ पत्र के जरिये देने के लिए कहा गया, लेकिन नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि शिकायत में जो आरोप लगाये गये थे, उनकी जांच में यह पाया गया कि जिस शीट का जिक्र किया गया है, वह अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल ही नहीं हुआ। प्रश्न पत्र वायरल होने के जो पत्र उपलब्ध कराये गये, वह शाम के पांच बजे के बाद की ली गयी तस्वीर है। किसी भी परीक्षा का परिणाम सामान्य पाया गया है। हर परीक्षा केंद्र से अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

### रिजल्ट व मेरिट लिस्ट बाद में प्रकाशित होगी

**सुधीर गुप्ता ने कहा कि कुछ अफवाह और भ्रम भी फैलाया जा रहा है। दो दिनों में परीक्षा हुई। दूसरे दिन के ज्यादा अभ्यर्थी सफल हुए। उन्हें पता होना चाहिए कि दूसरे दिन सिर्फ स्थानीय भाषा की परीक्षा ली गयी थी। पहले दिन हिंदी भाषा में परीक्षा ली गयी थी। दूसरे दिन जनजातीय और स्थानीय भाषाओं में परीक्षा ली गयी थी। गुप्ता ने कहा कि अभ्यर्थियों की जो सूची प्रकाशित की गयी है, वह ना तो रिजल्ट है और ना ही मेरिट लिस्ट। अभी सिर्फ वेरिफिकेशन के लिए है। रिजल्ट और मेरिट लिस्ट बाद में प्रकाशित की जायेगी।**

## जेएसएससी कार्यालय के सामने होगा प्रदर्शन, प्रशासन निपटने को तैयार



**रांची** राज्य में आयोजित जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों के खिलाफ अभ्यर्थियों का आंदोलन जारी है। अभ्यर्थी रिजल्ट रद्द करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में रविवार 15 दिसंबर को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी जेएसएससी कार्यालय नामकुम के बाहर धरना प्रदर्शन करने वाले हैं। इस संबंध में स्पेशल ब्रांच ने अलर्ट जारी किया है। इसके बाद पुलिस-प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी की है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात कहने का अधिकार है। यदि अभ्यर्थी उग्र प्रदर्शन करते हैं, तो इसके बाद पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

**जेएलकेएम, भाजपा और आजसू का भी समर्थन:** स्पेशल ब्रांच के अलर्ट में कहा गया है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय के समक्ष चार-पांच हजार की संख्या में अभ्यर्थी प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन को जेएलकेएम, मुख्य विपक्षी दल भाजपा और आजसू का भी समर्थन प्राप्त है। हालांकि इस बारे में पार्टियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है।

### अन्य जिलों से रांची पहुंचने लगे अभ्यर्थी

**प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी रेल और सड़क मार्ग से शनिवार शाम से ही रांची पहुंचने लगे हैं। वे यहां आकर विभिन्न होटलों, लॉज, धर्मशाला आदि में रात्रि विश्राम करेंगे। 15 दिसंबर को सुबह से ही उनका जेएसएससी कार्यालय के समक्ष जमावड़ा शुरू हो जायेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र नेता सह जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो, छात्र नेता मनोज यादव, कोचिंग संचालक कुणाल प्रताप सिंह, प्रकाश कुमार, विनय सिंह, स्मृति सिंह, आदर्श कुमार, रोहित कुमार, मस्ताना सर, छात्र नेता प्रकाश कुमार आदि कर रहे हैं।**

न्यूज़ अपडेट

## एसडीएम बेसहारा महिलाओं का हाल जानने पहुँची ओल्ड ऐज होम



**जमशेदपुर।** अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार, आईएएस, मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर मुख्तार आलम खान, विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर निधि श्रीवास्तव, अल कबीर पॉलीटेक्निक कॉलेज से रिटायर्ड सैयद आसिफ अख्तर के साथ फुरीदा के डायरेक्टर श्री भास्कर कुमार द्वारा संचालित ओल्ड ऐज होम में पहुंचीं जहां वैसी तीस बेसहारा माताएं रहती हैं जिनके पुत्र पुत्री एवं परिवार होते हुए भी वे बेसहारा हैं। वहां जाकर उन्होंने उनका हाल चाल जाना।अनुमंडल पदाधिकारी के स्वागत में वहां रह रही माताओं ने उन्हें गुलदस्ते भेंट किए , गीत गाए और अपनी बेटी समझ कर उन्हें गले से लगाया। उन्हें बहुत सारी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे कर अपनी खुशी जताई। अनुमंडल पदाधिकारी ने फुरीदा के द्वारा संचालित इस ओल्ड ऐज होम के खान पान की जानकारी ली तथा रूम, किचेन, बाथरूम और सारी चीजों को घूम घूम कर देखा और कहा कि यहां रहने वाली वृद्धाओं के लिए सभी सुविधाएं मौजूद हैं। साथ ही साफ सफाई और सज्जा की भी प्रशंसा की। उन्होंने फुरीदा के डायरेक्टर और वहां के मैनेजमेंट की काफी सराहना की।अनुमंडल पदाधिकारी ने ये वादा किया कि अगली बार जब वो आएंगी तब सबके साथ मिल अपनी तरफ से खाने पीने की व्यवस्था करेंगी और सभी के साथ मिल कर खाना खाएंगी। सभी माताएं सभी से मिल कर बहुत खुश और उत्साहित महसूस कर रहीं थीं।

## पोटका में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का समीक्षात्मक बैठक सह चर्मरोग जाँच शिविर आयोजित



**पूर्वी सिंहभूम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-पोटका में शनिवार को जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय धाऊडिया के द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का समीक्षात्मक बैठक की गई जिसमे पोषण माह गतिविधि से संबंधित जानकारी भी दी गई। जिला कुष्ठ परामर्शी, डॉ0 राजीव लोचन महतो ने बताया कि शरीर में किसी भी प्रकार का दाग तथा दाग में निश्चित सुनापन तो वह कुष्ठ रोग हो सकता है ऐसी परिस्थिति में,तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी।।उन्होंने कुष्ठ रोग का कार्डिनल सिम्पटम्स, प्रकार,लक्षण,उपचार तथा कुष्ठ रोग से होने वाले दिव्यांगता के बारे में बताया। डेमियन फाउंडेशन के दुर्योधन बागती ने सेल्फ केयर के महत्व के बारे में बताया।उन्होंने रिकंस्ट्रक्टिभ सर्जरी के बारे में बताया कि इस सर्जरी के द्वारा दिव्यांगता को ठीक किया जा सकता है।उन्होंने सहियाओं को कुष्ठ विभाग से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में भी जानकारी दी।उन्होंने एमसीआर चप्पलें तथा सेल्फ केयर किट की उपयोगिता के बारे में बताया। उक्त समीक्षात्मक बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी -पोटका डॉ0 रजनी महाकुड़,डॉ0 प्रिति राय,डॉ0 निधि बोहरा,ऋषिकेश गिरी, डेमियन फाउंडेशन के दुर्योधन बागती तथा संजय चटर्जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही आज के चर्मरोग जाँच शिविर में डॉ0 राजीव के द्वारा 23 संदेहास्पद मरीजों को जाँच कर 1 नये कुष्ठ मरीजों की सम्पुष्टि कर निःशुल्क एम0डी0टी0 वितरण किया गया ।

## मीशो ने 2024 में 35 प्रतिशत की साल दर साल जबरदस्त वृद्धि की



**रांची।** भारत के एकमात्र टू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने 2024 में जबरदस्त वृद्धि की है। इसने सभी तक इंटरनेट कॉमर्स पहुँचाते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अपने प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले ऑर्डर में साल-दर-साल 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मीशो ग्राहकों की पसंद से जुड़ा हुआ है, और देश में तेजी से ई-कॉमर्स का विस्तार कर रहा है। इसकी वृद्धि भारत में किफायती शॉपिंग पसंद करने वाले ग्राहकों के कारण है, जो फैशन, ब्यूटी, पर्सनल केयर और होम एसेंशियल्स में सस्ते और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदना चाहते हैं। देश के विभिन्न इलाकों और आबादियों के बीच उपभोक्ताओं के लगातार बदलते व्यवहार के साथ ई-कॉमर्स का भी विस्तार हो रहा है, तथा ग्राहक सस्ते दामों में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खरीदने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। बाजार में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियाँ बनने के बाद भी मीशो के विकास की दर जारी रही और 2024 में इस पर लगभग 175 मिलियन सालाना यूज़र्स ने खरीदारी की। मीशो के 50 प्रतिशत ग्राहक टियर 4$ शहरों, जैसे नईदुपेटा (आंध्र प्रदेश), शेरघाटी (बिहार), और हरपनहल्ली (कर्नाटक) से हैं। साथ ही मीशो लगातार चौथे साल सबसे ज्यादा डाउनलोड होने वाला शॉपिंग ऐप बन गया, जिसे 210 मिलियन से ज्यादा बार डाउनलोड किया गया।

# जमशेदपुर में नेशनल लोक अदालत में 2,16,118 केस का निष्पादन और 14,36,43,238 रुपए की हुई राजस्व प्राप्ति

**जमशेदपुर।**



झालसा रांची के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय सुजीत नारायण प्रसाद ने राज्य में 14 दिसंबर, शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत का ऑनलाईन उद्घाटन किया। मौके पर झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री प्रसाद ने कहा कि पूरे भारत वर्ष में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है . इसी कड़ी में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में झारखण्ड राज्य के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों द्वारा 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है . माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने शनिवार को प्रातः 10रू30 बजे झालसा रांची के प्रांगण में इसका विधिवत उद्घाटन कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया , जिसका ऑनलाइन प्रसारण जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के लोक अदालत हॉल में भी किया गया . कार्यक्रम के दौरान माननीय न्यामूर्ति श्री प्रसाद के द्वारा राज्य स्तर पर अभासी रूप से 1030 नई विधिक सेवा केन्द्रों एवं 90 दिन का जागरूकता एवं आउटरीच कैम्पेन का भी ऑनलाइन विमोचन किया गया। जमशेदपुर सिविल कोर्ट में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड कुल 2,16,118 मामलों का निष्पादन किया गया . इस दौरान 14 करोड़ 36 लाख 43 हजार 238 रूपये की राजस्व की प्राप्ति हुई . मामलों के निष्पादन के लिए जमशेदपुर सिविल कोर्ट में न्यायिक पदाधिकारियों की 13 बेंच एवं घाटशिला अनुमंडल कोर्ट में कुल दो बेंच का गठन किया गया था. नेशनल लोक अदालत में वाहन दुर्घटना , बीमा क्लेम से जुड़े तीन मामले में इंशयूरेंस कंपनी की ओर से पीड़ित पक्ष को लगभग 15 लाख का चेक मुहैया कराया गया. इससे जुड़ा चेक प्रधान जिला जज माननीय अनिल कुमार मिश्रा एवं स्टेट बार कौंसिल के वाईस प्रेसिडेंट श्री राजेश कुमार शुक्ला द्वारा उन्हें सौंपा गया . नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश अजीत कुमार सिंह , स्टेट बार कौंसिल के वाईस प्रेसिडेंट राजेश शुक्ला, डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद, जिला बार संघ के अध्यक्ष आर एन दास, जिला बार संघ के सचिव राजेश रंजन सहित अन्य न्यायिक पदाअधिकारी गण मौजूद थे . मौके पर अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय अनिल कुमार मिश्रा ने उपस्थित पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय पाने का एक बेहतर मंच बताया . उन्होंने इसका अधिक से अधिक लोगों को लाभ लेने की अपील की। नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में कोर्ट स्टाप, डालसा के पैनल लॉयर्स, पीएलवी आदि की अहम भूमिका रही।

## सिंहभूम चेंबर में जीएसटी पर आयोजित सेमिनार में डेटा अपलोडिंग और रीकंसिलिएशन से अवगत हुए उधोगपत्ति

**जमशेदपुर।**



सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एससीसीआई) ने जीएसटी के अंतर्गत विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सफल सेमिनार का आयोजन किया। यह कार्यक्रम चेंबर भवन में आयोजित किया गया, जिसे स्पर्श और टैली प्राइम ने प्रायोजित किया। सेमिनार का शुभारंभ एससीसीआई के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने स्वागत भाषण देकर किया। कोलकाता से आए मुख्य वक्ता सीए विकास बंका का चेंबर के महासचिव मानव केडिया ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन और वक्ता का परिचय अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष (कर एवं वित्त), ने किया। सेमिनार की विषय-वस्तु का परिचय अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया, सचिव (कर एवं वित्त), ने प्रस्तुत किया। सेमिनार के मुख्य विषय इस प्रकार हैं। टीडीएस ऑन मेटल स्क्रैपः- सीए विकास बंका ने टीडीएस की आवश्यकता, इसके प्रभाव, और नकली इनवॉइसिंग पर इसके नियंत्रण की व्याख्या पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से की। अमनेस्टी योजनाः- सीजीएसटी अधिनियम की धारा 128ए और 16(5) के अंतर्गत अमनेस्टी योजना और इसके लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। जीएसटीआर 9 और 9सीः- जीएसटीआर 9 और 9सी की जटिलताओं और उनके समाधान को लेकर गहन चर्चा हुई। इसके बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने सवालों के उत्तर पाकर लाभ उठाया। टैली प्राइम का सत्रः- टैली प्राइम टीम ने अपने लेटेस्ट फीचर्स के माध्यम से जीएसटी डेटा अपलोडिंग और रीकंसिलिएशन जैसे विषयों पर जानकारी दी। समारोह के समापन पर जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट सोसाइटी के अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास और कॉमर्शियल टैक्स बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने सीए विकास बंका को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर चेंबर के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, उपाध्यक्ष पुनीत कौंटिया, कोषाध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल, और कार्यकारिणी सदस्य सीए पीयूष गोयल समेत कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी और सफल साबित हुआ।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में आएंगे नये जानवर




**जमशेदपुर।**

टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क एक एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आगामी वर्ष में कई नए जानवरों का स्वागत करने की तैयारी कर रहा है। रोमांचक विकास की योजना बनाई गई है, जिसमें हर महीने नए जानवरों के बाड़ों का उद्घाटन किया जाएगा। इस दिसंबर से शुरू होकर, 21 तारीख को एक तितली पार्क खुलेगा, उसके बाद जनवरी में एक काले हिरण के बाड़े का और फरवरी में शेर और बाघ के बाड़ों का उद्घाटन किया जाएगा। इन अतिरिक्त जानवरों का उद्देश्य चिड़ियाघर की जैव विविधता को बढ़ाते हुए आगंतुकों को एक समृद्ध अनुभव प्रदान करना है। एक्सचेंज प्रोग्राम के हिस्से के रूप में, चिड़ियाघर बाघों की एक जोड़ी और चार दलदली मगरमच्छों को लाने पर काम कर रहा है। प्रस्ताव केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) को मंजूरी के लिए भेजे गए हैं। चिड़ियाघर की योजना एक पीला एनाकोंडा लाने की भी है, जिसे चेन्नई चिड़ियाघर से लाया जाएगा, और जामनगर से एक जोड़ा ज़ेबरा। बदले में, चिड़ियाघर में वर्तमान में मौजूद अतिरिक्त जानवर, जो जंगल में नहीं पाए जाते हैं, उन्हें दूसरे चिड़ियाघरों में भेजा जाएगा। उप निदेशक नईम अख्तर ने कहा कि नए जानवरों को लाने का प्रस्ताव केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को सौंपा गया है। समीक्षा और स्वीकृति के बाद, ये बदलाव किए जाएंगे। हमें उम्मीद है कि आने वाले साल में चिड़ियाघर सीजेडए के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी तरह से नया रूप लेगा। यह पहल आगंतुकों और इसके पशु निवासियों दोनों के लिए एक गतिशील और आकर्षक वातावरण प्रदान करने की चिड़ियाघर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो 2024 में वन्यजीव उत्साही लोगों के लिए एक बेहतर अनुभव का वादा करती है।

## एसएसपी ने पुलिस उपाधीक्षकों की लगायी क्लास, अपराधियों पर नकेल कसने का निर्देश

**जमशेदपुर।**



जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय सभागार में सभी पुलिस उपाधीक्षकों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य लंबित बलात्कार और अन्य अपराधों की समीक्षा की और संगठित गिरोह व भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की रणनीति तैयार करना था. बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने बलात्कारियों के लंबित मामलों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इन मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि ऐसे अपराध समाज में भय का माहौल पैदा करते हैं और इनके त्वरित निपटान से जनता का पुलिस प्रशासन पर भरोसा मजबूत होगा. इसके अलावा, संगठित गिरोह और भू-माफियाओं की गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गयी. वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस उपाधीक्षकों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय ऐसे अपराधियों को चिन्हित करें और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठित अपराध और भू-माफिया जैसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को नियमित निगरानी बढ़ाने और आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए. उन्होंने यह भी कहा कि हर क्षेत्र में सामुदायिक सहयोग बढ़ाने और सूचना तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है, ताकि अपराधियों पर प्रभावी तरीके से लगाम लगाई जा सके. बैठक में सभी पुलिस उपाधीक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। वरीय पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें. उन्होंने कहा कि संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना हमारी प्राथमिकता है. कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा. यह बैठक आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण और जनता के बीच सुरक्षा की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी. वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे टीम वर्क के साथ काम करें और अपराध मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

## सोनारी मरीन ड्राइव पर कूड़ा डंपिंग रोकी गई; मानगो में निपटान संकट

**जमशेदपुर।**



राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के फैसले के जवाब में जमशेदपुर अक्षेस और मानगो नगर निगम ने सोनारी मरीन ड्राइव पर कूड़ा डंपिंग रोक दी है। पहले इस जगह पर प्रतिदिन 150 से 200 टन तक कूड़ा फेंका जाता था। यह कार्रवाई स्थानीय विधायक सरयू राय द्वारा दायर याचिका के बाद की गई, जिसमें उन्होंने कूड़ा डंप से होने वाले पर्यावरण को होने वाले नुकसान, खासकर आग और प्रदूषण के मुद्दे को उजागर किया था। एनजीटी ने झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन को सोनारी कूड़ा डंप में लगी आग को बुझाने और कूड़े के जमा होने से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जवाब में डंपिंग रोक दी गई, लेकिन इससे एक नया और गंभीर मुद्दा सामने आयारू प्रतिदिन निकलने वाले भारी मात्रा में कूड़े का निपटान कहां किया जाए। हालांकि मानगो नगर निगम ने निपटान के लिए बेटाकोचा में एक एकड़ जमीन निर्धारित की थी, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने इस योजना का कड़ा विरोध किया और वहां कचरा फेंकने से रोक दिया। शुक्रवार को निगम ने डिमना में एक वैकल्पिक स्थल का उपयोग करने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय विरोध ने फिर से इन प्रयासों को विफल कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप वाहनों में कचरा फंस गया। इस बीच, जमशेदपुर के अधिसूचित क्षेत्रों में, कचरा निपटान को सिदगोड़ा सीआरएम बारा में पुनर्निर्देशित किया गया है, एक ऐसा स्थल जहां टाटा स्टील यूआईएसएल भी अपना कचरा फेंकता है। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) को वहां कचरा डंप करना जारी रखने की अनुमति मिल गई है। हालांकि, मानगो में चल रहे विरोध और निपटान के सीमित विकल्पों के साथ, स्थिति मानगो नगर निगम के लिए लगातार गंभीर होती जा रही है। यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो मानगो में कचरा प्रबंधन संकट और बढ़ सकता है। क्षेत्र में कचरा संग्रहण पहले से ही रुकने का खतरा है, क्योंकि कचरा संग्रहण के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन अब भर चुके हैं और डंपिंग साइट की कमी के कारण अपना सामान उतारने में असमर्थ हैं। समाधान खोजने में देरी से शहर की अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती उत्पन्न हो गई है।

## सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर का जिला स्तरीय कार्यशाला आज, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश होंगे मुख्य वक्ता

**जमशेदपुर।**



भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा सदस्यता अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए 15 दिसंबर रविवार को पश्चिम विधानसभा अंतर्गत मानगो स्थित बड़ा हनुमान मंदिर परिसर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को अभियान की बारीकियों से परिचित कराना और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि अभियान को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित रूप से चलाया जा सके। उपरोक्त कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे और कार्यकर्ताओं को अनुभव और मार्गदर्शन से प्रशिक्षित करेंगे। इस दौरान सदस्यता अभियान की रणनीतियों, लक्ष्यों और प्रभावी संचालन पर विशेष चर्चा की जाएगी। वहीं, सदस्यता अभियान के निमित्त प्रस्तावित कार्यशाला की सफलता सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में तैयारी बैठक आयोजित की गई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी जिला पदाधिकारियों और विभिन्न मोर्चा अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में कार्यशाला के आयोजन, कार्यकर्ताओं की भागीदारी और अभियान की सफलता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस संबंध में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यशाला सदस्यता अभियान को अधिक प्रभावी बनाने का माध्यम होगी। सदस्यता अभियान भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और समाज से जुड़ने का एक अहम साधन है। इस कार्यशाला के लिए सभी अपेक्षित नेताओं और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। जिसका आयोजन रविवार सुबह 11 बजे मानगो बड़ा हनुमान मंदिर सभागार में होगा। उन्होंने आगे बताया कि कार्यशाला में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जनता तक पहुंचाने की योजना तैयार की जाएगी। इसके साथ ही, कार्यकर्ताओं को तकनीकी और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे अभियान को बूथ स्तर तक मजबूती के साथ संचालित कर सकें। भाजपा का सदस्यता अभियान संगठन के विस्तार के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का एक प्रमुख साधन है। यह अभियान केवल नए सदस्यों को जोड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि पार्टी की जड़ों को और मजबूत करने का प्रयास है। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को सिखाया जाएगा कि कैसे वे समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर पार्टी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकते हैं। इस कार्यशाला के बाद भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडल स्तर पर भी कार्यशालाओं का आयोजन होगा। इन कार्यशालाओं के जरिए अभियान को बूथ स्तर तक विस्तार दिया जाएगा। सदस्यता अभियान का मुख्य लक्ष्य समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचना और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा परिवार का हिस्सा बनाना है।

## सुविचार

जब-जब हम चुप रहकर सब बर्दाश्त कर लेते है, तब तो दुनिया को अच्छे लगते है; एकाद बार सच्चाई बयां कर दो, तब सबसे बुरे लगने लगते है।

## ट्वीट

आज हमारी हर योजना की सेंटर में महिलाएं होती हैं और जब हम ये संविधान के 75 वर्ष मना रहे हैं, तो ये अच्छा संयोग है कि भारत के राष्ट्रपति के पद पर एक आदिवासी महिला विराजमान है। यही नहीं, हमारे सदन में भी महिला सांसदों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

-नरेन्द्र मोदी



प्रदेश की मातृशक्ति के समग्र उत्थान हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार का एक वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज उदयपुर में आयोजित महिला सम्मेलन में सहभागिता कर उपस्थित जनों को संबोधित किया।

-भजनलाल शर्मा



## कहानी

रामदरश मिश्र

# सड़क



भर्र-भर्र करती हुई एक जीप दुकान के सामने रुकी।

'ओ चायवाले, चार कप चाय बनाना,' – कह कर एक आदमी तीन आदमियों के साथ दुकान के आगे पड़ी खाट पर बैठ गया और वे आपस में बनती हुई इस सड़क के बारे में बातचीत करने लगे।

चायवाले ने कोयले के चूल्हे पर खौलते पानी को पतीली में डाल कर अंदाज से उसमें चाय, चीनी और दूध मिला दिया और काँपते हाथों से आँखें नीची किए चार कप चाय तिपाई पर रख आया।

'अरे हो हो, क्या वाहियात चाय बनाई है इस बुड्ढे ने,' कह कर उस आदमी ने झटके से प्याला सहित चाय नीचे लुढ़का दी। शेष तीनों आदमियों ने उसकी हाँ में हाँ मिलाई, लेकिन चाय सुड़कते रहे।

अब जा कर चायवाले ने आँख उठाई और क्रोध से बड़बड़ाते उस आदमी ने भी चायवाले को देखा और आश्चर्य से बोल उठा –

'अरे, आप मास्टर साहब।'

और मास्टर चंद्रभान पांडे ने देखा कि वह आदमी और कोई नहीं, उसके इलाके के एमएलए जंगबहादुर यादव हैं। उनकी आँखें शर्म से झुक गईं और झुकी हुई आँखें पोर-पोर फटी हुई खादी की धोती के बड़े-बड़े सुराखों में उलझ गईं।

यादव जी ने एक ठहाका लगाया – 'अच्छा मास्टर जी, आपने अब यह धंधा भी शुरू कर दिया। ठीक है आदमी को कुछ-न-कुछ करते रहना चाहिए। पैसा बड़ी चीज है। मेरे लायक कोई सेवा हो तो कहिएगा, मास्टर जी।' फिर एक ठहाका लगाया और साथ के लोगों ने भी ठहाके का अनुसरण किया। एक ने खुशामद के तौर पर कहा, 'अरे यादव जी, आपकी बदौलत जब इस इलाके में सड़क आ रही है, तो न जाने कितने लोगों का पेट पलेगा।'

यादव जी ने पाँच रुपए का एक नोट निकाला और मास्टर साहब की ओर बढ़ा दिया।

'मेरे पास खुले रुपए और पैसे नहीं हैं।' मास्टर जी ने कहा।

'अरे तो रखिए न, कौन आपसे पैसे वापस माँग रहा है?'

'नहीं, मैं आपसे वैसे भी पैसे लेने का अधिकारी नहीं हूँ। आपने तो चाय पी ही नहीं।'

'अरे तो चाय के पैसे कौन दे रहा है गुरूजी। इसे गुरु दक्षिणा समझ लीजिए। रख लीजिए, काम आएगा।'

पांडे जी तिलमिला गए। हाथ में पाँच रुपए का नोट पकड़े मर्माहत से रह गए। उनके मन में क्रोध का एक बवंडर उठा। आँखों में हिकारत भर वे यादव जी की ओर बढ़े और पाँच का नोट उनकी ओर फेंक कर चिल्लाए – 'यादव जी, ये अपने रुपए लेते जाइए, मैं भीख नहीं माँगता।'

लेकिन यादव जी जीप में बैठ चुके थे। मुस्करा कर पांडे जी और उनके द्वारा फेंके गए रुपए को देखा। जीप भर्र-भर्र करके स्टार्ट हुई और उसकी धूल भरी हवा में नाचता हुआ नोट थोड़ी दूर जा गिरा।

कुछ देर तक नोट धूल-भरी हवा में छटपटाता रहा और फिर शांत हो गया। पांडे जी उसे देखते रहे, फिर धीरे-धीरे आगे बढ़े और धूल झाड़ कर नोट उठा लिया। आखिर किया क्या जाए।

गोरे बदन, चौड़े माथे, श्वेत केशवाले पांडे जी खादी की एक जीण-शीर्ण धोती पहने और उसी का आधा भाग नंगे शरीर पर डाले हुए अपनी झोंपड़ी के आगे पड़ी बेंच पर बैठे-बैठे उदास हो चले थे। उनके चंदन चर्चित ललाट की सिकुड़न भरी रेखाओं में यादव जी की जीप से उड़ी हुई धूप समा गई थी। सोच रहे थे –

यादव उसे अपमानित कर गया। वह पहले ही कहता रहा कि यह काम उससे नहीं होगा। वह ब्राह्मण, पुराना कांग्रेसी, स्कूल का शिक्षक। क्या बुढ़ौती में छोटी जातियों के लोगों की तरह चाय-पकौड़ी और सुरती बेचना ही उसकी तकदीर में रह गया था। उसने कितना मना किया लेकिन अपनी संतान के आगे किसका वश चलता है। रमेश जिद कर बैठा और कुछ लोगों ने उसकी हाँ-में-हाँ मिला दी।

'पर्र...' पांडे जी उदास हो आए। हाथ लगा कर देखा खादी की धोती चूतड़ पर फिर फट गई थी। धोती क्या है। जैसे चीथड़ों का जोड़। खादी उसे बेपर्द करके छोड़ेगी। अब वह क्या करे? इसी धोती को वह इधर से उधर और उधर से इधर करके पहनता रहता है। सभी जगह से तो यह फट चुकी है। अब इधर से उधर करने की भी तो जगह नहीं बची। रमेश कहता है – 'छोड़िए, खादी-वादी पिताजी। मिल की धोती मजबूत और सस्ती होती है। वह इस तरह जगह-बेजगह धोखा नहीं देती।'

वह कब से सुन रहा है रमेश की बात को और सोचता है, ठीक ही तो कहता है रमेश। लेकिन अब क्या बदलना? अब तो जिंदगी बीत चली, इस बुढ़ौती में क्या नियम भंग करना? ...लेकिन वह कहाँ से खरीदे खादी की धोती। एक मोटी धोती भी तेरह-चौदह रुपए से कम में नहीं आती, फिर उसके साथ कुरता-टोपी, चादर-तौलिया सभी तो लगे हुए हैं। इतने में तो मिल के मोटे कपड़ों के कई कई सेट आ जाएँगे और चलेंगे भी ज्यादा। ...फिर भी जी नहीं मानता। जब जीना ही कितने दिन है। ...लेकिन जी के मानने न मानने का ही सवाल तो नहीं है। उसे स्कूल से रिटायर हुए पाँच वर्ष हो गए, खेत के नाम पर तीन बीघे खेत – वो भी बाढ़ग्रस्त कछार के खेत। छह-सात आदमियों का गुजर-बसर कैसे होगा। महेश तो पढ़-लिख कर परिवार सहित बाहर चला गया नौकरी करने। उसका अपना ही गुजर-बसर मुश्किल से होता है। छोटा लड़का रमेश बहुत ढकेलने पर भी आठवीं पार नहीं कर सका। लिपट गया खेती-बारी में। उसके तीन बच्चे हैं, दोनों जून भरपेट खाना तो मिलता नहीं, ये खादी के कपड़े कहाँ से आएँ?

दुकान के सामने की सड़क से लोग आ जा रहे थे। पांडे जी ने झोंपड़ी के पीछे जा कर धोती इधर उधर करने की बहुत कोशिश की लेकिन अब उन्हें कोई गुंजाइश नहीं दीखी। उसे क्रोध हो आया कि इस ससुरी धोती को फाड़-फूड़ कर फेंक दे और नंगा हो जाए। ...अरे नंगा तो हो ही गया है। चाय की दुकान खोल कर नंगा हुआ है? हर परिचित आदमी एक व्यंग्यमयी दृष्टि से उसे देखता है और अजब-अजब सवाल करता है और तिस पर यह यादव का बच्चा उसे इतना अपमानित कर गया। उसे इतना क्रोध आया कि इस यादव के बच्चे को फिर एक बार बेंच पर खड़ा करके उसके चूतड़ पर बेंत लगाए, लेकिन अब तो वह एमएलए हो गया है, छात्र नहीं रहा। वह अपना क्रोध अपने भीतर ही दबाए सुलगने लगा। लेकिन उसे एक बात से बड़ी राहत मिली कि उसने इस एमएलए के बच्चे को स्कूल में कई बार बेंच पर खड़ा कर बेंत से पीटा है। अब भी उसके चूतड़ पर बेंत के निशान होंगे। धीरे-धीरे स्कूल के दिन उसके सामने सरक आए। तब कौन जानता था कि यह जंगली आगे चल कर जंगबहादुर यादव, एमएलए बन जाएगा। क्लास में सबसे बोदा लड़का यही था। इसे हर रोज मार पिटती थी। कई बार तो इसने लड़कों के चाकू, दावात, पेंसिलें चुरा ली थीं और उसने इसे बेंच पर खड़ा करके बहुत पीटा था। एक बार तो इसने गांधी जी की तसवीर दूसरे लड़के की किताब से फाड़ ली थी और उस पर पेशाब कर दिया था। फिर तो उसने इसे स्कूल से ही निकाल दिया था। बाद में लोगों के कहने-सुनने पर वापस ले लिया था... अब वह बड़ा नेता बन गया है। पता नहीं, इस देश में कैसे इतने बड़े-बड़े चमत्कार हो जाते हैं। ...उसे लगता है कि लोग कहाँ से कहाँ पहुँच गए और वह खादी की फटी धोती पकड़े हुए बैठा है।

शाम को रमेश आया और दोनों आदमी दुकान उठा कर घर ले गए।

'मुझसे यह नहीं होगा, रमेश।' पांडे जी थके-थके से बोले।

'क्यों पिताजी?'

'लोग मुझे बहुत छोटी नजर से देख रहे थे आज। मैं लोगों की निगाह नहीं झेल पा रहा था।'

'हाँ पिताजी, भूख से भारी लोगों की निगाहें ही होती हैं न। तो ठीक है, हम लोगों की निगाहें क्यों झेलें, भूख ही झेलें।'

बीच में एक चुप्पी पसर गई।

'बैठने को तो मैं बैठता, देखता – कौन साला मेरा अपमान करता है, लेकिन फिर खेती-बारी चौपट हो जाएगी।'

पांडे जी कुछ नहीं बोले।

'कुछ मिला, बाबू जी?'

'हाँ, दो रुपए कमाई के और पाँच रुपए गुरु-दक्षिणा के।'

'गुरु-दक्षिणा कैसी?'

पांडे जी ने यादव की कहानी सुना दी।

'अरे तो इसमें इतना आहत होने की कौन-सी बात है, बाबू जी। सौ हम लोगों से खाता है, पाँच दे ही गया तो क्या हो गया?'

पांडे जी ने रमेश को मार खाई हुई दृष्टि से देखा। रमेश हँस रहा था।

रात को पांडे जी लेटे तो बड़ी बेचैनी अनुभव कर रहे थे। वे अपने से ही पूछ रहे थे – क्यों भाई आदर्शवादी कांग्रेसी, तपे हुए शिक्षक, नशाखोरी के दुश्मन। तुम्हारी यही परिणति होनी थी। जिन्हें तुमने जीवन-भर ज्ञान पिलाया, क्या उन्हें अब चाय-पकौड़ी खिलाओ-पिलाओगे? जिनके सामने नशे के विरुद्ध बोलते रहे, उन्हीं के लिए सुरती तौलोगे? नहीं-नहीं, यह नहीं होगा।

वह कब से सोच रहा था कि काश, इस पिछड़े हुए कछार में एक सड़क आती। लेकिन सारी-की-सारी सरकारें तो सोई हुई हैं इस कछार की ओर से आँख फेर कर। सड़कें तो दुनिया में कितनी हैं लेकिन अपने जवार में सड़क आने का और उस पर यात्रा करने का सुख कुछ और ही होगा। कितना प्यारा होगा नदियों-नालों, खंदकों-खाइयों के ऊपर से भागती सड़क का यात्री होने का। कितनी सुविधाएँ बढ़ जाएँगी। लेकिन तब उसने कहाँ सोचा था कि सड़क के आने का कोई और मतलब भी हो सकता है।

और जब कच्ची सड़क पक्की सड़क बनने लगी तो रमेश ने कहा, 'बाबू जी, कच्ची सड़क पक्की सड़क बन रही है – यह बहुत अच्छा हुआ। अपना एक खेत सड़क के किनारे ही है और उसी के पास बस अड्डा भी बननेवाला है। हम क्यों न वहाँ कोई दुकान खोल दें? शुरू में चाय की दुकान खोली जाए और कुछ सुरती की गाँठें वहाँ रख दी जाएँ। रास्ता तो चालू है ही, अब सड़क बन रही है, वह और चालू हो जाएगी और बहुत से मजदूर काम पर लगेंगे।'

'अच्छा, देखा जाएगा।' टालने की गरज से पांडे जी ने कहा।

'देखा नहीं जाएगा, अभी शायद किसी के दिमाग में यह चीज आई नहीं है, बाद में तो सभी भरभरा कर दुकानें खोल देंगे। हमें सबसे पहले अपनी दुकान जमा लेनी चाहिए।'

एक चुप्पी छाई रही।

'इस बुढ़ौती में आपको खेती-बारी के काम करने पड़ते हैं, इससे अच्छा होगा कि आप दुकान पर बैठें। आराम से आपके दिन भी कट जाएँगे और चार पैसे की आमदनी भी हो जाएगी।'

'क्या कहते हो – अब मैं दुकानदारी करूँगा?' वह तैश में उठा था तो उसकी धोती फट गई थी।

और जब रोज-रोज रमेश के विचार उसके दिमाग से टकराने लगे तो एक दिन दुखी मन से स्वीकृति दे दी। बनती हुई सड़क के पासवाले खेत में एक झोंपड़ी पड़ गई, कुछ सुरती के पत्ते तथा चाय के सामान रख दिए गए। वह आज पहली बार दुकान पर बैठा था।

लेकिन नहीं, वह कल दुकान पर नहीं जाएगा। उसका रोम-रोम परिताप से सुलग रहा है, गरीब हुआ तो क्या – इस बुढ़ौती में अपनी आबरू बेचेगा। करवट ली तो धोती फिर पर्र से बोल गई। अब नंगा हो कर घर तो रह सकता है लेकिन क्या दुकान पर भी जाएगा इसी रूप में?

सुबह हुई तो रमेश दुकान का सामान लिए हाजिर हो गया। पांडे जी अधनंगे लेटे रहे।

'बाबू जी, दुकान नहीं जाइएगा?'

पांडे जी की इच्छा तो हुई कि कह दें – नहीं जाऊँगा। लेकिन कह नहीं सके। दर्द-भरी आवाज में बोले, 'नंगा ही जाऊँ क्या?'

सामान नीचे रखते हुए रमेश भारी मन से बोला, 'अब क्या कहा जाए। कुछ रुपए इकट्ठे हो जाएँ तो आपके लिए खादी की एक धोती ला दूँ। खादी भी कितनी महँगी हो गई।'

पांडे जी ने देखा कि रमेश के बच्चे फटे-पुराने नेकर पहने उसके सामने से स्कूल चले गए। उन्हें एक चोट-सी लगी – क्या वह इतनी महँगी खादी की धोती पहन कर बच्चों को नंगा रखेगा? आज तक तो उसने यही किया। उसे क्यों नहीं मालूम हुआ कि खादी-खादी में भेद होता है। एक खादी उसकी है, एक यादव जी की। यादव ही खादी पहनने का हकदार है क्योंकि उसके शरीर पर खादी का विकास हुआ है और वह? वह नहीं, उसके शरीर पर तो खादी फटती ही चली गई है।

रमेश सामान लिए अंदर जा रहा था कि पांडे जी ने पुकारा

'रमेश!' 'हाँ, बाबू जी।'

'तुम्हारे पास एक के अलावा कोई साबुत धोती है?'

'हाँ, है बाबू जी।'

'लाना तो बेटे।'

रमेश ने व्यथा, आश्चर्य और प्रसन्नतामिश्रित आँखों से पिता को देखा। पिता ने दूसरी ओर मुँह फेर लिया था।

और कुछ देर बाद पांडे जी रमेश की धोती पहन कर रमेश के पीछे-पीछे दुकान की ओर चले जा रहे थे।

– 'हिन्दी समय' से साभार

## संजय उवाच



# मढ़ी न होती चामड़ी..!

संध्या भ्रमण के लिए मुझे सूनी सड़क के सूने फुटपाथ पसंद हैं। यद्यपि महानगर में यह पसंद स्वप्न से अधिक कुछ नहीं होती। तथापि भाग्यवश कैंटोन्मेंट प्रभाग में निवास होने के कारण ऐसी एकाध सड़कें बची हुई हैं। ऐसी ही तुलनात्मक रूप से सूनी एक सड़क के कम भीड़भाड़ वाले फुटपाथ पर भ्रमण कर रहा हूँ। सूर्यास्त का समय है। डूबते सूरज के धुँधलके में मनुष्य साये में बदलता दिखता है। साँझ और साया..! जीवन की साँझ और साया रह जाना! यूँ दिन भर साथ चलती परछाई भी साया होने के सत्य को इंगित कर रही होती है। सूर्योदय से सूर्यास्त की परिक्रमा दैनिक रूप से मनुष्य को नश्वरता का शाश्वत स्मरण कराती है।

अस्तु! भ्रमण जारी है। भ्रमण के साथ अवलोकन भी जारी है। मुझसे कुछ आगे एक युवक चल रहा है। वह सिगरेट का कश लेकर धुआँ आसमान की ओर छोड़ रहा है। देखता हूँ कि यह धुआँ एक आकार लेकर धीरे-धीरे ऊपर उठ रहा है। धुएँ का आकार देखकर अवाक हूँ। यह कंकाल का आकार है। मनुष्य द्वारा फूँका जाता धुआँ, मनुष्य को फूँकता धुआँ। कंकाल पर देह ओढ़ता मनुष्य, देह का ओढ़ना खींचकर मनुष्य को कंकाल करता धुआँ।

यूँ देखें तो देह का भौतिक अस्तित्व कंकाल पर ही टिका है। कंकाल आधार है, माँस-मज्जा आधार पर चढ़ी सज्ञा है। चमड़ी की सज्ञा न होती तो क्या मनुष्य दैहिक आकर्षण में बंध पाता?

दृष्टांत है कि एक गाँव में एक रूपसी अकेली रहती थी। गाँव के जमींदार का उसके रूप पर मन डोल गया। वासना से पीड़ित जमींदार उस स्त्री के घर पहुँचा। महिला ने प्राकृतिक चक्र की दुहाई देकर चार दिन बाद आने के लिए कहा। जमींदार के लौट जाने के बाद उस रूपसी ने रेचक का बड़ी मात्रा में सेवन कर लिया। रेचक के प्रभाव के चलते उसे पुन:- पुन: शौच के लिए जाना पड़ा। स्थिति यह हुई कि सारा का सारा माँस शरीर से उतर गया और वह कंकाल मात्र रह गई। चार दिन बाद आया जमींदार उल्टे पैर लौट गया।

कहा गया है,

सुंदर देह देखकर उपजत मन अनुराग।<br>मढ़ी न होती चामड़ी तो जीवित खाते काग।

प्रकृति सुंदर है। दैहिक सौंदर्य का आकर्षण भी स्वाभाविक है। तथापि आत्मिक सौंदर्य न हो तो दैहिक सौंदर्य व्यर्थ हो जाता है। सहज रूप से उगे गुलाब पुष्प की सुगंध नथुनों में गहरे तक समाती है। वहीं बड़े करीने से तैयार किए हाईब्रीड गुलाब दिखते तो सुंदर हैं पर सुगंध के नाम पर शून्य। सुगंध आत्मिकता है, शेष सब धुआँ है।

दूर श्मशान से धुआँ उठता देख रहा हूँ। किसी देह का ओढ़ना धुआँ-धुआँ हो रहा है। सबके लिए समान रूप से लागू इस नियम में बिरले ही होते हैं जो धुआँ होने के बाद भी अपनी आत्मिकता के कारण चिर स्मरणीय हो जाते हैं। दैहिक सौंदर्य के साथ मनुष्य आत्मिक सौंदर्य के प्रति भी सजग हो जाए तो धुआँ होने से पहले जग को सुवासित करेगा और आगे धुआँ इस सुवास को अनंत में प्रसरित करेगा।

हर मनुष्य आत्मिक सौंदर्य का धनी हो।... तथास्तु!

## बोध कथा

# रंग-बिरंगे नाखून

एक बार की बात है, राजा कृष्णदेव राय के दरबार में एक बहेलिया आया। बहेलिये को देख राजा काफी खुश हुए, क्योंकि राजा को पशु-पक्षी बहुत प्यारे थे और बहेलिया एक रंग-बिरंगा सुंदर पक्षी दरबार में लेकर आया था। दरबार में आकर बहेलिया बोला, 'महाराज, मैं कल ही इस खूबसूरत और विचित्र पक्षी से जंगल से पकड़कर लाया हूं। यह बहुत सुरीला है और तोते की तरह बात कर सकता है। साथ ही यह मोर की तरह नाच भी सकता है। आपको पशु-पक्षी बहुत पसंद हैं, इसलिए मैं इस पक्षी को आपके पास बेचने के लिए लाया हूं।'

महाराज काफी खुश हुए और बोले, 'देखने में तो यह पक्षी खूबसूरत नजर आ रहा है। मैं इसे जरूर खरीदूंगा और तुम्हें उचित इनाम भी दिया जाएगा।' यह कहकर राजा ने बहेलिये को 50 सोने के सिक्के दिए और पक्षी को शाही बगीचे में रखने का आदेश भी दिया। यह देख तेनालीराम से रहा न गया और उसने उठकर कहा, 'महाराज मुझे नहीं लगता है कि यह पक्षी मोर की तरह नाच सकता है। मुझे तो यह भी लगता है कि यह पक्षी कई सालों से नहाया तक नहीं है।'

यह सुनते ही बहेलिया घबरा गया और रोने वाला मुंह बनाकर बोला, 'महाराज मैं बहुत ही गरीब बहेलिया हूं। पंछियों को पकड़कर और उन्हें बेचकर ही मेरा घर चलता है। जितना मैं पशु-पक्षियों को जानता हूं, उसे प्रमाण की जरूरत नहीं है और न ही शक किया जाना चाहिए। बेशक, मैं गरीब हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि तेनाली राम जी मुझे गरीब कहेंगे?'

यह बात सुनकर महाराज भी तेनाली राम पर नाराज हुए। उन्होंने तेनाली से कहा, 'क्या तुम अपनी इस बात को साबित कर सकते हो?' इतने में तेनाली ने कहा, 'हां, महाराज मैं साबित कर सकता हूं।' ऐसा कहते हुए तेनाली एक जग में पानी भकर ले आए और पिंजरे में बंद पक्षी पर डाल दिया। ऐसा करते ही दरबार में बैठा हर कोई आश्चर्यचकित होकर पक्षी की तरफ देखने लगा। राजा भी पक्षी को देखकर चौंक गए।

तेनाली राम ने जैसे ही पक्षी पर पानी डाला, उस पर लगा सारा रंग उतर गया। पिंजरे में बंद पक्षी का रंग हल्का भूरा हो गया। राजा चौंक कर तेनाली की तरफ देखने लगे। तेनाली ने झट से राजा से कहा कि 'महाराज यह एक जंगली कबूतर है न कि कोई विचित्रि पंछी।'

महाराज ने तेनाली से पूछा, 'तेनाली तुम्हें इस बात का कैसे पता चला कि इस पक्षी को रंगा गया है?' तेनाली ने जवाब दिया कि 'महाराज बहेलिये के नाखूनों पर गौर करें। बहेलिये के रंगीन नाखून और पक्षी का रंग एक जैसा ही है। इस बात से यह पता चल जाता है कि बहेलिये ने पक्षी को रंगा था।' यह सब देखकर बहेलिया वहां से भागने ही वाला था कि सैनिकों से उसे पकड़ लिया। राजा ने उसे जेल में बंदी बनाने का आदेश दिया और उसके सोने के सिक्के तेनालीराम को दे दिए।



## वीर गाथा

# ले. जनरल मो. अहमद ज़की: घायल होकर भी लिया बड़ा फैसला, उड़ा दिया पाकिस्तान का बंकर

लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अहमद ज़की का जन्म 20 जनवरी, 1935 को हैदराबाद में हुआ था। परिवार के कई लोगों के सेना में सेवारत होने के कारण उनके मन में भी वर्दी के प्रति बहुत लगाव था। ज़की का चयन साल 1952 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के लिए हुआ था। उन्हें मराठा लाइट इन्फैंट्री की 19वीं बटालियन में शामिल किया गया था।

ज़की ने साल 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में बहुत बहादुरी का प्रदर्शन किया था। उस समय ज़की भारतीय सेना में मेजर थे। वे लाहौर सेक्टर में थट्टी जैमल सिंह के पास अपनी बटालियन की अग्रणी हमलावर कंपनी की कमान संभाल रहे थे।20 सितंबर, 1965 को दुश्मन ने उनकी कंपनी पर मीडियम मशीन गन, राइफल और अत्यंत घातक हथियारों से हमला बोला। इससे ज़की घायल हो गए थे। उनके कंधे और बांह पर चोटें आई थीं। इसके बावजूद उन्होंने अपने जवानों का जोश बढ़ाया और दुश्मन पर जोरदार धावा बोला।

मेजर ज़की और साथी जवान लगातार गोलियों की बौछार कर रहे थे। वे दुश्मन के काफी नजदीक पहुंच गए और वहां जोरदार भिड़ंत हुई। सामने पाकिस्तान का एक बंकर था, जहां से मीडियम मशीन गन से भारी गोलीबारी हो रही थी। उस समय ज़की ने एक बड़ा फैसला लिया। वे उस बंकर के और नजदीक गए तथा उसमें हैंड ग्रेनेड फेंक दिया। इससे जोरदार धमाका हुआ और उस बंकर में मौजूद सभी पाकिस्तानी फौजियों के चिथड़े उड़ गए।

अब तक मेजर ज़की का काफी खून बह चुका था, लेकिन वे दृढ़ बने रहे। इसके बाद उनके साथी जवानों ने आगे बढ़कर दुश्मन का सफाया कर दिया और उस इलाके पर कब्जा कर लिया। मेजर ज़की ने घायल होने के बावजूद जिस तरह पाकिस्तान का बंकर उड़ाया और अपने जवानों का नेतृत्व किया, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्हें इसके लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गया।

मोहम्मद अहमद ज़की सेना में समयानुसार पदोन्नति पाते गए। वे लेफ्टिनेंट जनरल बनकर सेवानिवृत्त हुए। उन्हें साल 2001 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था।



## न्यूज़ अपडेट

### सरैयाहाट थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 36 वर्षीय युवक की मौत

**सरैयाहाट ।** दुमका जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के मरकुंडा गाँव के समीप देर शाम को काली मंदिर के निकट 36 वर्षीय नन्द किशोर यादव को अज्ञात वाहन नें जोरदार ठोकर मारकर फरार हो गाया!वही ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को



एम्बुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट में भर्ती कराया जहां
डाक्टरों नें उसे मृत घोषित कर दिया!

- मृतक नन्द किशोर नें अपने पीछे दो पुत्री व एक पुत्र को छोड़ चले गए,
- मृतक के पत्नी के रो–रो कर बुरा हाल
- परिवार को आर्थिक मदद के लिए पदाधिकारी या पुलिस प्रसासन की ओर से कोई सहयोग नहीं मिलने से मृतक की पत्नी नाराज

घायल युवक की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी ताराचंद मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया ओर आगे कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज दुमका भेज दिया गाया पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सोप दिया गाया!
थाना प्रभारी ताराचंद नें कहां ठोकर मारने वाले वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा हैं!

### धान अधिप्राप्ति को लेकर जिले में बनाया गया है 31 केंद्र:- उपायुक्त....

- **जिले में 15 दिसम्बर से धान खरीद होगा प्रारंभ:- उपायुक्त.....**

**देवघर।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 धान अधिप्राप्ति को लेकर किसानों की सुविधा के साथ आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया है। साथ ही 15.12.2024 से जिले के विभिन्न प्रखंडो में कुल 31 धान अधिप्राप्ति केन्द्रों/पैक्स का चयन किया गया है। साथ ही सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित नोडल अधिकारियों को निदेशित किया गया है कि सभी



पैक्स को संचालित करने हेतु आवशयक कार्रवाई करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में अधिप्राप्ति के चल रहे कार्यों का शत प्रतिशत अनुश्रवण करेंगे।
इसके अलावा धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 23 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर व एक सौ रुपये बोनस के रूप में दिया जायेगा। साथ कृषकों को धान खरीददारी के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं बोनस की जानकारी देने के लिए आपूर्ति, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को किसानों तक हर जानकारी मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा उपायुक्त ने बिचौलियों की सक्रियता पर विशेष निगरानी का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है, ताकि किसान धान बिचौलियों के माध्यम से न बेचकर अधिक से अधिक संख्या में अपने धान की बिक्री अपने नजदीकी केंद्र में करें।

### साहिबगंज जाने के दरमियान देवघर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया उपायुक्त के द्वारा

**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। इस दौरान मौके पर उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर





डुंगडूग, अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर रवि कुमार के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया।

### पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत 100 सेविकाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**देवघर।** देवघर प्रखंड के सभागार में बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा बच्चों के महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत 100 सेविकाओं का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें देवघर व देवीपुर प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को बाल विकास तथा प्रारंभिक बाल कल्याण देखभाल और शिक्षा की विस्तृत जानकारी सुपरवाइजर के द्वारा प्रदान की गई इस अभियान के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में एक मजबूत नींव तैयार किए जाने को लेकर प्राथमिकता तय की गई जिसमें 0-3 से 0-6 वर्ष के बच्चों के संपूर्ण विकास पर फोकस किया जा सके कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण के पदाधिकारी महिला पर्यवेक्षिका ट्रेनर सहित अन्य उपस्थित थे.

### सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ दीपक कुमार का निधन

- **सीएस व डीएस सहित अन्य ने जताया शोक**

**देवघर।** सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ दीपक कुमार का निधन शनिवार को निधन हो गया। वह जसीडीह सीएचसी में पदस्थापित थे और सदर अस्पताल में उनकी प्रतिनियुक्ति थी। घटना के संबंध बताया जाता है कि शुक्रवार की रात वह खाना खाकर सो गए और आज सुबह जब परिजन उन्हें उठाने के लिए उनके कमरे में गए तो वह नहीं उठे। इसके बाद परिजनों ने आनन फानन में बेलाबगान के समीप स्थित आवास से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत चिकित्सक बोकारो जिले के चिराचास थाना क्षेत्र के कुंज विहार के रहने वाले थे। वह अपने पीछे दो बच्ची व पत्नी अलका कुमारी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। मृत चिकित्सक के एक भाई धनबाद में नेत्र सर्जन के रूप में पदस्थापित हैं। परिजन शव लेने के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुंचने वाले हैं। इधर डा दीपक कुमार के निधन पर सदर अस्पताल में शोकसभा का आयोजन किया गया। मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ पीके शर्मा, सदर अस्पताल के डीएस डॉ प्रभात रंजन, डॉ डी तिवारी, डॉ गौरीशंकर, डॉ अनिकेत, डॉ सुषमा वर्मा, डॉ अजय दास, डॉ दिग्विजय भारद्वाज, झारखंड जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, संजीव मिश्रा, विभुति कुमार, सुनील सिंह, चंद्रमौली, चितरंजन विश्वकर्मा, नागेश्वर दास, अनिमेष घोष, मृत्युंजय पांडेय, रीना कुमारी, विजय प्रसाद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 10, 560 वादों का हुआ निष्पादन, 23 करोड़ से अत्यधिक की राशि का किया गया समझौता

**दुमका।**

झालसा रांची व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका संजय कुमार चन्द्धरियावी के निर्देशानुसार दिन शनिवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।
सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार दुमका, उत्तम सागर राणा से प्राप्त सूचना के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया।








- बेंच नंबर 1 से संजय कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय दुमका, संगीता कुमारी अधिवक्ता दुमका तथा प्रशांत कुमार अधिवक्ता दुमका, उपस्थित थे।
- बेंच नंबर 2 से शत्रुंजय कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश– पंचम, दुमका, कुमार प्रभात, अधिवक्ता, दुमका एवं अनिल कुमार–III, अधिवक्ता उपस्थित थे।
- बेंच नंबर 3 से राजेश सिन्हा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश– तृतीय, दुमका, ओमियो कुमार मांझी, अधिवक्ता, दुमका एवं पंकज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित थे।
- बेंच नंबर 4 से अनूप तिर्की, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका, विक्रमादित्य पांडेय, अधिवक्ता, दुमका एवं धर्मवीर मिश्रा, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित थे।
- बेंच नंबर 5 से वाल्टर भेंगरा, सीनियर सिविल जज द्वितीय सह न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका, कामोद नारायण झा, अधिवक्ता, दुमका एवं वरुण कुमार सिंह, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए।
- बेंच नंबर 6 से आदित्य, न्यायाधिकारी सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, दुमका, विनीत कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, दुमका तथा राकेश चंद्र लाल मरांडी, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए।
- बेंच नंबर 7 से सुरेश चंद्र जायसवाल, अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता फोरम, दुमका, नीलमणि मराण्डी, सदस्य, जिला उपभोक्ता फोरम, दुमका एवं दिनेश कुमार महरिया, अधिवक्ता, दुमका उपस्थित हुए।

आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत मे मुख्य रूप से परिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन, एमएसीटी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, बैंक रिकवरी, लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट, क्रिमिनल केस, माइनिंग केस, प्री लिटिगेशन मैटर, पुलिस एक्ट, माइनर एक्ट, एक्सक्यूटिव केस, सर्टिफिकेट केसेस, कंज्यूमर फोरम केसेस आदि शामिल है।
इस प्रकार कुल सात बेंचों से 10, 560 वादों का समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 23, 47, 40, 222/- रुपए की राशि का समझौता किया गया तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा क्लेम केस में 38 लाख रुपया का चेक भी प्रदान किया गया। साथ ही लोक अदालत में पहुंचे हुए विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों के लिए विधिक जागरूकता हेतु एक स्टॉल भी लगाया गया

## पिछड़ा वर्ग के लिए नगर परिषद दुमका व नगर पंचायत बासुकीनाथ में पिछड़ा व अत्यंत पिछड़ा वर्ग का कराया जाना है सर्वेक्षण

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दुमका दोड्डे की अध्यक्षता में आयोजित हुई गई बैठक**

**दुमका।**

राज्य आयोग के निदेशानुसार पिछड़ा वर्ग के लिए नगर परिषद दुमका व नगर पंचायत बासुकीनाथ में पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग का सर्वेक्षण कराया जाना है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दुमका आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में दिन शनिवार को कार्यालय कक्ष में एक बैठक आयोजित की गयी।
बैठक में जानकारी दी गयी कि पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण हेतु अनुश्रवण समिति का गठन किया जा चुका है। बीएलओ



/ आंगनबाड़ी सेविका द्वारा घर-घर जाकर इसका सर्वेक्षण किया जाएगा। सूचना प्राप्त कर वे निर्धारित प्रपत्र में जानकारी उपलब्ध कराएंगे, जिसका प्रकाशन 7 दिनों तक नगर परिषद कार्यालय दुमका एवं नगर पंचायत कार्यालय बासुकीनाथ के नोटिस बोर्ड के साथ साथ वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। उक्त सूचना पर 7 दिनों तक दावा / आपत्ति की जा सकती है। अपर समाहर्ता दुमका शिकायत पदाधिकारी के रूप में होंगे। अपर समाहर्ता के कार्यालय में दावा/आपत्ति किया जा सकेगा।
दावा/आपत्ति के निराकरण के पश्चात नगर परिषद एवं नगर पंचायत के पदाधिकारियो द्वारा पपत्र 2 एवं 3 बनाया जाएगा एवं नगर परिषद एवं नगर पंचायत के अन्य पदाधिकारी के द्वारा प्रपत्र 4 एवं 5 को बनाया जाएगा। सभी प्रपत्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा पिछड़ा वर्ग के लिए राज्य आयोग झारखंड सरकार को भेज दिया जाएगा।इस संबंध में 17-12-2024 को मध्यान 12:00 बजे से पिछड़ा वर्ग के लिए राज्य आयोग द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय पेंशनर्स डे पर सम्मानित होंगे 15 पेंशनर

**दुमका।**

झारखंड राज्य पेंशनर समाज दुमका के प्रशाल में अध्यक्ष लक्ष्मीकांत ठाकुर के सभापतित्व में कार्यकारिणी समिति की एक बैठक शनिवार को आहुत की गई जिसमें पिछले माह के प्रस्ताव को पारित करते हुए कोष इत्यादि की जानकारी दी गई।
आगामी 17 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस मनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा हुई और उप समितियों का गठन किया गया।
सम्मानित होने वाले पेंशनरों के लिए गठित की गई उप समिति के सदस्यों द्वारा सम्मानित होने वाले पेंशनरों की सूची बैठक में प्रस्तुत की गई। मीडिया प्रभारी डॉ कुंदन झा ने बताया कि 80 वर्ष से ऊपर के जिन महिला- पुरुष पेंशनरों को चयनित किया गया जिनके नाम क्रमशः महावती हेंब्रम (शिकारीपाड़ा) सुबोध ठाकुर (रामगढ़) सविता देवी (दुमका) दशरथ मंडल (जरमुंडी) नूनमनी मंडल (सरैया हाट) तारिणी प्रसाद मंडल (सरैयाहाट) देवनारायण मंडल (दुमका) जगदीश झा (सरैयाहाट)





नजीबुल्लाह अंसारी (शिकारीपाड़ा) विष्णुदेव प्रसाद (दुमका) वीरेंद्र कुमार ओंडवार (दुमका) इग्नेश मुर्मू (शिकारी पाड़ा) जयनाथ मांझी (सरैयाहाट) सुशीला देवी (सरैयाहाट) एवं निर्मला देवी (सरैयाहाट) सभी प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव से उक्त तिथि को सभी पुरस्कृत होने वाले पेंशनरों को ससमय उपस्थित कराने की जिम्मेवारी दी गई।
बैठक में परेश चंद्र साहा, माधव कुमार सिंह, बाल किशोर कापरी, सत्यनारायण यादव कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार मिश्रा, विजय कुमार, गणेश साह, अरविंद मिश्रा, श्रीकांत प्रसाद, बालेश्वर राय, शंकर झा, प्रद्युमन शर्मा, जयकरण महतो, राधे मिस्त्री, अब्दुल रशीद व सनातन भुई इत्यादि उपस्थित थे।

## पुलिस व नागरिको के बीच बेहतर समन्वय हेतु तथा आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु

**18 दिसंबर के पूर्वाह्न 10:30 बजे जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के लिए निर्धारित स्थलों पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन**

**दुमका।**

पुलिस एवं नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने, पुलिस और नागरिको के बीच बेहतर समन्वय हेतु तथा आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु 18 दिसंबर 2024 के पूर्वाह्न 10:30 बजे जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के लिए निम्नवत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।
प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर की सुबह 10:30 बजे इंडोर स्टेडियम दुमका में जहाँ एक ओर नगर थाना, मुफ्फसिल थाना, दिग्घी ओपी, नगर थाना, मसानजोर ओपी, गोपीकान्दर थाना, काठीकुण्ड, मसलिया व टोंगरा थाना क्षेत्र के लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का



प्रेस विज्ञप्ति

आम नागरिकों के शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण करने, पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने तथा पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय हेतु दिनांक–18.12.2024 को समय 1030 बजे पूर्वाह्न से निम्नांकित थानावार "जन शिकायत समाधान कार्यक्रम" का आयोजन निम्नवत किया जायेगा।

| क्र0 | कार्यक्रम स्थल क्षेत्र का थाना का नाम | कार्यक्रम स्थल का नाम | कार्यक्रम की तिथि | सम्मिलित थाना |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | नगर थाना | इंडोर स्टेडियम | 18.12.2024 सुबह 1030 बजे से | 1.नगर थाना 2.मुफस्सिल थाना 3.दिग्घी ओपी0 4. मसानजोर ओपी0 5. गोपीकान्दर थाना 6. काठीकुण्ड थाना 7. मसलिया थाना 8. टोंगरा थाना |
| 2 | जरमुण्डी थाना | जरमुण्डी डाक बंगला | 18.12.2024 सुबह 1030 बजे से | 1.जरमुण्डी थाना 2.जामा थाना 3. तालझारी थाना 4. हंसडीहा थाना 5. रामगढ़ थाना 6. सरैयाहाट थाना |
| 3 | शिकारीपाड़ा | मध्य विद्यालय, राजबाँध, शिकारीपाड़ा | 18.12.2024 सुबह 1030 बजे से | 1.शिकारीपाड़ा थाना 2. रानेश्वर थाना |

❖ इस कार्यक्रम के निम्नांकित उद्देश्य है:–
1. नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाना है।
2. कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना।
3. शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित करना।
4. निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में विषय को प्रेषित किया जाना।
5. जन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराना।
6. पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित करना।
7. नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना।
8. कार्यक्रम के दौरान Online शिकायत हेतु जन शिकायत समाधान कोषांग का WhatsApp No-9479590235 तथा ईमेल आई0डी0– sp-dumka@jhpolice.gov.in का प्रचार–प्रसार करना, ताकि आमजन आसानी से अपना शिकायत दर्ज करा सके।

दुमका जिला वासियों से आग्रह है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की शिकायत/ समस्या हो या किसी प्रकार की सूचना देना हो, तो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को संबंधित कार्यक्रम स्थल में पधारें अथवा जन शिकायत समाधान कोषांग का WhatsApp No-9479590235 तथा पुलिस अधीक्षक, दुमका का ईमेल आई0डी0– sp-dumka@jhpolice.gov.in पर सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक,
दुमका।

आयोजन किया जायेगा, वहीं दूसरी ओर जरमुण्डी डाक बंगला में जरमुण्डी, जामा, तालझारी, हंसडीहा, रामगढ़ व सरैयाहाट थाना क्षेत्र के लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शिकारीपाड़ा व रानेश्वर थाना क्षेत्र के लिए मध्य विद्यालय, राजबाँध, शिकारीपाडा में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाना, कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना। शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित करना। निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में विषय को प्रेषित किया जाना। जन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराना।
पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित करना। नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना तथा कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन शिकायत हेतु जन शिकायत समाधान कोषांग का व्हाट्सएप्प नंबर 9479590235 तथा एस पी दुमका के ईमेल आईडी का प्रचार- प्रसार करना है ताकि आमजन आसानी से अपनी शिकायत दर्ज करा सके।
जिलेवासियों से आग्रह करते हुए पुलिस अधीक्षक दुमका ने कहा कि यदि उन्हें किसी प्रकार की शिकायत / समस्या हो या किसी प्रकार की सूचना देनी हो तो निर्धारित तिथि को संबंधित कार्यक्रम स्थल के जन शिकायत समाधान कोषांग के व्हाट्सएप नंबर-9479590235 तथा पुलिस अधीक्षक, दुमका का ईमेल आईडी पर सूचना दें।

## श्रम मंत्री संजय प्रसाद पहुंचे मोहनपुर,कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया



**संवाददाता।**

**मोहनपुर।** श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव गोड्डा जाने के क्रम में मोहनपुर चोपा मोड़ के पास भव्य स्वागत किया गया। मंत्र बनने के बाद वह पहली बार अपने गृह जिला गोड्डा जाने के क्रम में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने फूल- माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ मंत्री संजय प्रसाद यादव का स्वागत किया। जिला गोड्डा जाने के दौरान मंत्री संजय प्रसाद यादव चोपा मोड़ के पास रुके वहां डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण की साथ ही लोगों से मिले और उनकी हाल-चाल जाना। स्थानीय कार्यकर्ता एक घंटे पूर्वी यहां पर एकत्रित होंगे थे। जैसे ही मंत्री का काफिला चोपा मोड़ पहुंचे नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मंत्री ने भी नेता और कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।

## योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों तक पहुंचाने हेतु जिला समन्वय समिति की हुई बैठक

**उपायुक्त ने अधिकारियों को दिये कई आवश्यक निदेश**

**दुमका।**

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में दिन शनिवार कजिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों तक पहुंचाने हेतु सभी विभागों के अधिकारियों को उपायुक्त ने कई आवश्यक निदेश दिए।
इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर अभियान,जेएसएलपीएस के तहत बैंक लिंकेज, मुद्रा लोन, दीदी की दुकान, वन धन योजना,उद्योग विभाग द्वारा संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना, पंचायती राज के तहत 15 वीं वित्त आयोग योजनाओं की स्थिति, पशुपालन



एवं गव्य विकास, कृषि विभाग के तहत झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, केसीसी, पीएम किसान योजना,आपूर्ति विभाग द्वारा खाद्यान उठाव एवं वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना,सामाजिक सुरक्षा के तहत संचालित योजनाएं, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी।
उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों का चयन करते हुए उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य करें।जानकारी दी गयी कि अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20188 लक्ष्य के विरुद्ध 19607 लाभुकों को पंजीकृत किया गया है।15498 लाभुकों का आवास स्वीकृत कर दिया गया है।
जानकारी दिया गया कि वर्ष 2024-25 रबी मौसम में बिरसा फसल विस्तार योजना अन्तर्गत 100 प्रतिशत अनुदान पर प्रत्यक्षण हेतु बीज प्राप्ति एवं वितरण का कार्य प्रगति पर है।सभी प्रखंडों का बीज उपलब्ध करा दी गयी है।
उपायुक्त ने कहा कि केसीसी के तहत अधिक से अधिक किसानों को ऋण उपलब्ध कराया जाय।वैसे आवेदन जो बैंक स्तर पर लंबित हैं उन पर विशेष ध्यान दिया जाय।पीएम किसान योजना के शत प्रतिशत लाभुकों का ई केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।जानकारी दी गयी कि लगभग 85 प्रतिशत लाभुकों का ई केवाईसी किया जा चुका है।
आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि शत प्रतिशत लाभुकों का आधार सेटिंग सुनिश्चित किया जाए। राशन का उठाव एवं वितरण हर माह किया जाए ताकि लाभुकों को समय से राशन निर्धारित मात्रा में मिल सके।जानकारी दी गयी कि डाकिया योजना के तहत आच्छादित आदिम जनजातीय परिवार को 35 किलोग्राम प्रति परिवार राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।वर्तमान में 8997 आच्छादित आदिम जनजातीय परिवार के 32581 सदस्य इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।
सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 37000 लक्ष्य के विरुद्ध 37686 लाभुको इस योजना से आच्छादित किया गया है।जानकारी दी गयी कि झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत जिले में 270495 आवेदन प्राप्त हुए हैं।
उपायुक्त ने कहा कि वैसे विद्यालय जहां शौचालय बिजली कनेक्शन एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है उसे चिन्हित करते हुए अविलंब रिपोर्ट समर्पित करें ताकि उक्त व्यवस्था जल्द से जल्द संबंधित विद्यालय में सुनिश्चित हो सके।
इस दौरान उन्होंने प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की एवं निदेश दिया कि सभी योग्य लाभुकों को छात्रवृत्ति योजना की राशि ससमय मिले इसे सुनिश्चित करें।इस दौरान उन्होंने साईकल वितरण योजना की भी समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने अन्य विभागों के योजनाओं की अद्यतन स्तिथि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निदेश दिए।

न्यूज़ अपडेट

## विष्णुगढ़ के सीएससी केंद्रों की अंचल अधिकारी के नेतृत्व में की गई जांच




**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय के बाहर स्थित विभिन्न सीएससी केंद्रो की शुक्रवार संध्या जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय के बाहर स्थित विभिन्न सीएससी केंद्रों में झारसेवा सरकारी आई०डी० जो गौतम कुमार के नाम से सरकारी ईमेल आईडी का प्रयोग करके कई प्रज्ञा केंद्रो में संचालक द्वारा अवैध तरीके से तक भारी संख्या में प्रमाण पत्र जैसे आवासीय, जाति, आय सहित अन्य प्रमाण पत्र के आवेदनों की एंट्री किया जा रही है। जिससे सरकारी राजस्व की हानी हो रही है। जब इसकी जानकारी विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद दास को हुई तब उनके द्वारा छापेमारी दल की टीम गठित कर कई प्रज्ञा केंद्रो में छापेमारी कर जांच की गई। छापेमारी के दौरान कई अवैध तरीके के दस्तावेज, रेवेन्यू टिकट, आवासीय, जाति, आय सहित अन्य दस्तावेज भी बरामद किए गए। अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने बताया कि राजस्व कोष लगभग छह वर्षों से निलंबित था। जांच दल में राजस्व उपनिरीक्षक मो० आरिफ अंसारी, राजस्व उप निरीक्षक, निम्न वर्गीय लिपिक लोकेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा गौतम कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा मनोज कुमार श्रीवास्तव, कंप्यूटर ऑपरेटर विष्णुगढ़ अंचल अभिजीत कुमार, चौकीदार महेन्द्र ठाकुर एवं दिनेश कुमार महतो सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## महाविद्यालय में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के तृतीय दिवस का शुभारंभ




**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।** प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का तृत्तीय दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी के साथ मुख्य वक्ता डॉ० अजित कुमार राणा ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन कर किया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला में सचिव गौरव पटेल, अध्यक्ष जीतेन्द्र पाण्डेय, प्रबंधन समिति के सदस्य रितेश कुमार व क्रमशः उपस्थित हुए, विद्वान वक्ताओं ने डॉ॰ अनिल कुमार कुशवाहा, डॉ० शिव कुमार राणा एवं डॉ० अजित कुमार सिंह का विशेष आभार जताया। व्याख्यान श्रृंखला के तृतीय व अंतिम दिवस में बतौर मुख्य वक्ता डॉ० अजित कुमार सिंह, प्राचार्य के०एन० बख्सि कॉलेज ऑ×फ एजुकेशन,गिरिडीह शामिल हुए। कार्यक्रम के मौके पर डॉ० अजित कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि पाठ योजना शिक्षक के लिए एक आवश्यक रोडमैप के रूप में कार्य करता है। यह सुनिश्चित करता है कि पाठ के उद्देश्य, सामग्री, गतिविधियाँ और मूल्यांकन वांछित सीखने के लक्ष्यों के साथ संरेखित हों। मंच संचालन आई०क्यू०ऐसी० कॉर्डिनेटर एवं एन०एस०एस० कार्यक्रम पदाधिकारी स्वर्णा मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन शशि भूषण देव ने किया। उपस्थित रहने वालों में सहायक प्राध्यापकगण बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव,राघवेंद्र प्रताप,सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा,प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद यादव,जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कुमार पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद , नाजरा, सुनीता समेत सभी सत्रों के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## विधायक ने यशोदा रामकृष्णा पब्लिक स्कूल का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया में नवनिर्मित यशोदा रामकृष्णा पब्लिक स्कूल का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। स्कूल का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक अमित कुमार यादव ने विधिवत फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र में सभी आवश्यक सुविधा व संसाधन से सम्पन्न विद्यालय के संचालन के लिए विद्यालय के निदेशक को शुभकामना तथा आशीर्वचन दिया। उन्होंने कहा अब उत्कृष्ट शिक्षा के लिए स्थानीय बच्चों को बाहर नहीं जाना होगा ऐसे विद्यालय के खुल जाने से अब इच्छुक बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा ।कार्यक्रम में आगत अतिथि विधायक अमित कुमार यादव का प्रधानाचार्य एवं निदेशक द्वारा माला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

## बंडासिंगा में विधायक ने छात्रावास भवन का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत में स्थित मॉडल स्कूल बंडासिंगा में विधायक अमित कुमार यादव ने छात्रावास भवन का शिलान्यास नारियल फोड़ कर तथा पुजारी द्वारा विधिवत पूजा पाठ करवाकर किया । विदित हो कि भवन का निर्माण मां कंस्ट्रक्शन कंपनी हजारीबाग के संवेदक विकास कुमार एवं प्रकाश यादव के द्वारा किया जा रहा है जिसमें दो करोड़ 20 लाख की लागत से छात्रावास का निर्माण होगा ।शिलान्यास के दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि अब विकास कार्यों को गति दी जाएगी और जहां भी अधूरे कार्य रह गए हैं उसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने संवेदक से कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर नायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,अनिल आजाद,सुरेन्द्र साव,रघुबीर महतो

# फेडरेशन ऑफ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा नवनिर्वाचित विधायकों का 16 को भव्य सम्मान समारोह

- **यह सम्मान समारोह हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं और जनप्रतिनिधियों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। नवनिर्वाचित विधायक समाज और क्षेत्र के विकास में नए आयाम स्थापित करेंगे, यह हमारा विश्वास है :झ्र शंभू नाथ अग्रवाल**
- **फेडरेशन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम जनसेवा और विकास कार्यों को प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है : राकेश ठाकुर**



**हज़ारीबाग ।**

फेडरेशन ऑफ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आगामी16 दिसंबर को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में शानदार जीत दर्ज करने वाले प्रतिनिधियों को उनकी समाजसेवा और जनहितकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इस समारोह में सदर विधानसभा से प्रदीप प्रसाद,मांडू से तिवारी महतो ,बड़कागांव से रोशन लाल चौधरी, बरकट्ठा से अमित यादव,और बरही से मनोज कुमार यादव को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इन जनप्रतिनिधियों ने जनता के बीच अपना मजबूत विश्वास स्थापित किया है और उनके अथक प्रयासों से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

फेडरेशन का यह सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले नेताओं को प्रोत्साहन देने और उनके कार्यों को सराहने का एक प्रयास है।

संस्था के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की यह समारोह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और समाज के विकास में विधायकों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए आयोजित किया गया है। हम यह मानते हैं कि ये जनप्रतिनिधि न केवल जनता के विश्वास का प्रतीक हैं, बल्कि उनके लिए प्रेरणा भी हैं।

संस्था के सचिव राकेश ठाकुर ने अपने में कहा की फेडरेशन हमेशा समाज के उत्थान और क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम व्यावसायिक समुदाय और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करना चाहते हैं ताकि हमारे क्षेत्र का हर वर्ग सशक्त हो सके।

- **मुख्य आकर्षण**

इस सम्मान समारोह में व्यवसाय जगत की प्रतिष्ठित सभी लोग मौजूद रहेंगे,कार्यक्रम के दौरान विधायकों के चुनावी सफर, उनके सेवा कार्यों, और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम तारीख 16 दिसंबर, समय दोपहर 3:00 बजे स्थान अग्रसेन भवन,मालवीय मार्ग, हजारीबाग में होना निश्चित हुआ है।

## धड़ल्ले से पंचायत शिपटेड VLE (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) के नाम पर अपने निजी सेंटर से एइंठे जा रहे मासुम बच्चों से आधार सुधार के नाम पर मनमानी रुपए

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू।**



लोगों को पता ना चले रिसीविंग जिस पर ऑपरेटर का हस्ताक्षर और शुल्क लिखा होता है। फाड़कर अपने पास रख लेता रहा है।

झारखंड सरकार द्वारा राज्य के सभी जिलों में सभी प्रखंडों के पंचायत में पंचायत शिफ्टेड को आधार का काम दिया गया है । और पंचायत शिफ्टेड भि.एल.ई को अतिरिक्त डिपार्टमेंट का कार्य दिया गया है । जिसके लिए सैलरी के रूप में झारखंड सरकार द्वारा रुपए भी दी जाती है। बताते चलें पंचायत शिफ्टेड श्छए (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) को पंचायत में कार्य करने के लिए यह उद्देश्य से रखा गया । की पंचायत के हर एक व्यक्ति को पंचायत स्तर पर ही ब्लॉक स्तर के कार्यों को कराया जा सके और सरकार के हर एक योजनाओं से अवगत कराया जा सके। लाभ दिलाया जा सके। इसी का फायदा उठाते हुए कुछ शिफ्टेड (विलेज लेवल एंटरप्रेन्यो) ऐसे हैं । जो आधार के कार्य हेतु धड़ल्ले से शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को आधार निर्माण में मनमानी तरीके से पैसे एइंठा गया अब खाद्य सर्वजनिक वितरण उपभोक्ता मामले विभाग भारत सरकार द्वारा हर एक राशन कार्ड धारी को आधार कार्ड बायोमेट्रिक द्वारा ई केवाईसी करना आवश्यक है । बहुत से ऐसे न्यू बाल आधार बने हुए हैं । जिनका उम्र 5 साल से ऊपर हो गया । पर अब तक आधार मैं फिंगर अपडेट नहीं कराया है। राशन कार्ड में केवाईसी करने में बहुत सारे राशन कार्ड धारी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । जिसको देखते हुए हर एक कार्ड धारी जिनके बच्चों का आधार राशन कार्ड में जोड़ा गया है। पर फिंगर अपडेट नहीं कराया गया आजकल निर्धारित समय को देखते हुए हर एक आधार सुधार पंचायत शिफ्टेड भी एल ई जो आधार का काम करते हैं। के पास सुबह 8:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक काफी भीड़ देखने को मिल रही है। धड़ल्ले से इसका फायदा उठाते हुए दारू प्रखंड के पुनाई पंचायत में पंचायत शिफ्टेड वि एल ई विनय कुमार साव द्वारा जिसको पंचायत भवन में एक कमरा मूहइया कराया गया है । सिर्फ सुबह दिन में एक बार आधार मशीन लोकेशन सिंक कर अपने निजी केंद्र पर जो पंचायत भवन से 600 मी दूरी पर है मनमानी तरीके से कार्य कर रहा है । जिसकी सूचना सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर हजारीबाग को दे दिया गया है।

## प्रतियोगी परीक्षाएँ और प्रतिस्पर्धाः युवाओं में बढ़ती अवसाद की समस्या

**हज़ारीबाग /** आधुनिक भारत में युवा अपने समाज और परिवार के लिए कुछ अलग और विशिष्ट करने की ललक रखते हैं। एक अद्वितीय जोश और जज़्बे के साथ वे आगे बढ़ते हैं ताकि आने वाले समय में अपने पैरों पर खड़े हो सकें। वर्तमान समय में सामाजिक दृष्टिकोण से सरकारी नौकरी को बहुत महत्व दिया जाता है, और एक युवा के नौकरी से उसके सामाजिक स्थिति को आंका जाता है। बचपन से ही माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी अधिकारी या फिर डॉक्टर-इंजीनियर बनाना चाहते हैं, चाहे उनके बच्चों की इच्छा हो या न हो। अंततः, परिवार और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण युवा सरकारी नौकरी की तैयारी में जुट जाते हैं।

आपकी जानकारी के लिए, देश की प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक है यूपीएससी, जिसे सफलता पूर्वक पास करने के बाद आप एक सरकारी अधिकारी बन जाते हैं। हाल के कुछ वर्षों में युवा वर्ग के बीच यूपीएससी की तैयारी करना एक चलन बन गया है। यह समाज में अपनी और अपने परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का एक तरीका माना जा सकता है। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में, विभिन्न राज्यों से युवा इस परीक्षा की तैयारी करने के लिए आते हैं।

यूपीएससी जैसी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी युवाओं का रुझान बढ़ा है। इसका एक प्रमुख कारण है उनकी महत्वाकांक्षाएँ। इस प्रतिस्पर्धा के माहौल में हर युवा अपने आप में खास है—किसी के पास स्नातकोत्तर की उपाधि है तो कोई डॉक्टरेट की डिग्री हासिल कर चुका है। अब सवाल आता है एक अच्छी नौकरी का, जिसे समाज में सरकारी नौकरी माना जाता है।

पूर्व के भारत की बात करें तो प्रतियोगी परीक्षाओं की लोकप्रियता आज की तुलना में कम थी। आधुनिक भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं की लोकप्रियता सोशल मीडिया और कोचिंग संस्थानों के कारण बहुत बढ़ गई है। कोचिंग संस्थान मोटी फीस लेते हैं और बदले में सपने दिखाते हैं कि थोड़ी मेहनत कर लोगे तो तुम्हारा और तुम्हारे परिवार का जीवन सुधार जाएगा और समाज में पैठ बनेगी। जब युवा इस सपने की दुनिया में ना चाहते हुए भी कूद पड़ते हैं, तो उन्हें एहसास होता है कि यह एक दलदल है जिससे निकल पाना मुश्किल है। इस कारण, युवा अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दशक को गंवा देते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में कई प्रयासों के बावजूद जब युवा सफल नहीं हो पाते, तो खुद की और परिवार की नजरों में गिरने का डर उन्हें परेशान करता है। आजकल युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर उच्च पदों की आकांक्षा रखते हैं, परंतु सीमित अवसरों के कारण, प्रतिस्पर्धा तीव्र हो गई है। अनेक युवा वर्षों तक बेरोजगार रहने को विवश हैं, जिससे मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। यह निराशा सीधे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालती है। प्रतियोगिता में सफल न होने के बाद वे आत्मग्लानि महसूस करते हैं, जिसका परिणाम अवसाद यानी कि ₹डिप्रेशन₹ के रूप में निकलता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) के अनुसार, अनुमान है कि 6-7% जनसंख्या मानसिक स्वास्थ्य विकारों से ग्रस्त है। अधिकांश मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना युवा कर रहे हैं, देश में प्रतिदिन 35 छात्र आत्महत्या कर लेते हैं। यह आंकडा बेहद हि चौकाने वाला है युवा हि देश के भविष्य है और अगर युवा ही अवसाद का शिकार हो जाते है तो परिवार के साथ कही ना कही पुरे समाज की हानि होती है.

एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, अक्तूबर 2022 में लॉन्च होने के बाद से भारत की टोल-फ्री मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन, टेली-मानस को 3.5 लाख से अधिक कॉल प्राप्त हुए हैं। हेल्पलाइन पर कॉल करने वाले पुरुषों की संख्या कुल कॉल का 56% है।

## तिवारी महतो ने विष्णुगढ़ को अनुमंडल बनाने की मांग की

**दारू प्रखंड के क्षेत्र को सदर अनुमंडल में रखा जाए,मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू**

**श्रम बिंदु संवाददाता दारू।**



झारखंड के नए विधानसभा सत्र के अंतिम दिन मांडू विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने विष्णुगढ़ प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मांग की। जब इसकी सूचना भारतीय जनता पार्टी के दारू प्रखंड के मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा और पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू को पता चला तो। उन्होंने अपनी तात्पर्यता दिखाते हुए झुमरा चौक में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी के दारू प्रखंड के मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने बतलाया कि नवनिर्वाचित मांडू विधायक तिवारी महतो के बातों को हम स्वागत करता हूं। और सुविधा के अनुसार जनसंख्या के अनुसार , क्षेत्र के अनुसार होना चाहिए या स्वागत योग है। अनुमंडल बनाना चाहिए। लेकिन दारू प्रखंड में दिग्वार पंचायत पड़ता है। और दिग्वार पंचायत दारू प्रखंड में ही रहना चाहिए। मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने बतलाया कि हमारी बातें दूरभाषा से मांडू विधायक तिवारी महतो से हुआ है। और उन्होंने हमारे बातों को स्वीकार किया है। इसलिए दारू को सदर अनुमंडल में ही रहना चाहिए। पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू ने बतलाया कि दारू प्रखंड पहले से ही अनुमंडल को लेकर संघर्ष और आंदोलन हो चुका है। पूरे प्रखंड के लोगों ने रघुवर दास के समय ही विधानसभा में रखा था ।अभी तो झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं है। फिर भी वह हमारे नजर में है।दारू प्रखंड को सदर से ही जोड़ा रखा जाए। सदर से ही हम लोग का लाभ है। और हम लोग को सुविधा होगा। संजय प्रसाद ने बतलाया कि जो निर्वाचित मांडू विधायक तिवारी महतो ने सदन में बात रख की विष्णुगढ़ और मांडू को अनुमंडल बनाया जाए। स्वागत योग्य है।और हम तिवारी महतो को साफ संदेश देते हैं कि दारू प्रखंड के क्षेत्र जो सदर अनुमंडल में आता है। तिवारी महतो उसको छेड़छाड़ ना करें अगर उसमें तिवारी महतो छेड़छाड़ करेंगे तो दारू प्रखंड की समस्त जनता अपने विचारों से उन्हें अवगत कराएगी और दारू प्रखंड की समस्त जनता आंदोलन करेगी प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के दारु मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू , संजय कुशवाहा और दारू प्रखंड के कई पंचायत के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मांडू विधायक तिवारी महतो पहुंचे विष्णुगढ़, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**श्रमबिंदु।विष्णुगढ़।**



मांडू विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो का आगमन शनिवार संध्या विष्णुगढ़ के अस्पताल चौक में हुआ। बता दें कि शनिवार को विष्णुगढ़ के अस्पताल चौक में एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक श्री महतो ने गठबंधन के उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए सभी की समस्याएं सुनी और जल्द निवारण करने का आश्वासन भी उनके द्वारा दिया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कल भी वह विष्णुगढ़ के दौरे में रहेंगे, इस दौरान उनका आगमन विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में होगा, जहां वह स्थानीय लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद भी लेंगे और उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। तत्पश्चात विष्णुगढ़ के पूर्वी क्षेत्र के दौरे के लिए उन्होंने प्रस्थान किया। मौके पर भाजपा नेता राजू श्रीवास्तव, आजसू प्रखंड उपाध्यक गौतम वर्मा, आजसू कोषाध्यक्ष दीपू अकेला, मुकेश कुमार, मनोज साव, महादेव देहाती, रंजीत गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हजारीबाग यूथ विंग ने निभाई समाजसेवा की ज़िम्मेदारी, चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था

- **समाज की सेवा हमारी प्राथमिकता, हर जरूरतमंद तक मदद पहुँचाना हमारा कर्तव्य : चंद्र प्रकाश जैन**
- **ठंड से बचाव के लिए अलाव व्यवस्था हमारी जिम्मेदारी, हर क्षेत्र में सहायता के लिए तत्पर : करण जायसवाल**

**हज़ारीबाग ।**



हजारीबाग यूथ विंग ने अपनी परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत देने के लिए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की है। हर साल की तरह इस बार भी संस्था ने सामाजिक सेवा को प्राथमिकता देते हुए ठंड से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए कदम उठाया है। इस पहल के तहत नया बस स्टैंड सहित शहर के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। अलाव के जरिए ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिली है। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन लोगों के लिए की गई है जो फुटपाथ, चौक-चौराहों या खुले स्थानों पर रात बिताने को मजबूर हैं।

संस्था के संरक्षक ने इस अवसर पर कहा की हजारीबाग यूथ विंग का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को राहत और सहयोग प्रदान करना है। हमारी टीम हमेशा यह प्रयास करती है कि समाज के जरूरतमंद लोगों को मौसम की मार से बचाने और उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद की जाए। अलाव की यह व्यवस्था उन्हीं प्रयासों का हिस्सा है।

संस्था के अध्यक्ष ने कहा की हमने हजारीबाग के अलग-अलग हिस्सों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा, हमारी टीम पूरे शहर में निगरानी रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि जिन क्षेत्रों में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है, वहां अलाव की सुविधा उपलब्ध हो।

इस पहल में संस्था के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने इस सामाजिक सेवा के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता की सराहना की। शहरवासियों ने भी संस्था के इस कार्य को सराहते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में यह पहल समाज में आपसी सहयोग और सेवा की भावना को और प्रबल करती है।

हजारीबाग यूथ विंग समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी निरंतरता और समर्पण के लिए जाना जाता है। संस्था ने पिछले कई वर्षों में विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों जैसे रक्तदान शिविर, धार्मिक अनुष्ठान सामाजिक कार्य और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करने जैसे कार्यों में अपनी सक्रियता दिखाई है।

- **संस्था का उद्देश्य**

हजारीबाग यूथ विंग का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करना है। संस्था यह वादा करती है कि भविष्य में भी समाजसेवा के इस मार्ग पर चलते हुए और भी बड़े प्रयास किए जाएंगे। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,सचिव संजय कुमार,सह सचिव डॉ बी वेंकटेश, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल,गुंजन मद्धेशिया,मोहम्मद ताजुद्दीन,शम्पा बाला,संतोष चौधरी सिद्धू सिंह चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीओ ने गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया



**गोमिया।** गोमिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बीडीओ महादेव कुमार महतो ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया और संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को कई निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ ने अस्पताल के एक्सरे रूम, एमटी रूम,लैब आदि का निरीक्षण किया और कई निर्देश दिया.इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि गोमिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया है और अस्पताल के एक्सरे रूम, एमटी रूम, लैब आदि के कार्यों को देखा और मरीजों को ससमय सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। इसी प्रकार अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज एवं सुविधाएं उपलब्ध हो, इस बारे में कार्य करने का निर्देश दिया गया। कहा कि अस्पताल में मेल वार्ड अलग से बनाया जाएगा। इस बारे में कार्य किया जा रहा है। मौके पर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बलराम मुखी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### सोमवार से धान अधिप्राप्ति केंद्र का कार्य शुरू

**गिरिडीह।** दिनांक 15.12.2024 को खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत 15 दिसम्बर-2024 से धान अधिप्राप्ति केन्द्र का कार्य प्रारंभ है। इस संदर्भ में आरोही फार्मर प्रोड्यूसर, लेदा गिरिडीह, बुधुडीह पैक्स, गाण्डेय एवं प्रतापपुर पैक्स, जमुआ में इस कार्य का उद्घाटन कार्यक्रम निर्धारित है। सभी आम किसानों से अनुरोध है कि उक्त उद्घाटन में बढ-चढकर भाग लिया जाय।

### रोला ग्राम चौक में सीईओ और वीडियो ने किया गुटका खैनी बीड़ी का औचक निरीक्षण

- **दुकानदारों में मची खलबली दुकान छोड़ भागे दुकानदार**

**पाकुड़ ।** पाकुड़ :महेशपुर प्रखंड के रोला ग्राम चौक में सीईओ और वीडियो ने राशन दुकान चाय दुकान अन्य सामग्री दुकान में गुटखा खैनी बीड़ी सिगरेट का औचक निरीक्षण किया जहा और जुर्माना भी लगाया गया मुकतार मिया 400 करीम अंसारी 200 सुजय पाल 500 जितेन भगत 200 बिकाश पाल 300 अब्बकर मिया 200 जुर्माना लगाया इस दौरान वहां मौजूद अधिकारियों ने दुकान वालों को पान मसाला गुटखा सीक्रेट खैनी जैसी नशीली पदार्थ को बिक्री नही करने का सख्त निर्देश दिया और किसी भी दुकान में किसी भी प्रकार के नशीली पदार्थ बेचीं जाति है तो दुकानदार के ऊपर जुर्मान लगाते हुए उनके विरुद्ध कानूनी करवाई की जाएगी अधिकारियों ने यह भी कहा कि नशीली पदार्थ बेचना अपराधिक दंडनीय है इसका सेवन से लोग आए दिन गंभीर बीमार का शिकार होते जा रहे हैं इस पर रोक लगाने का उपदेश से दुकानों का निरीक्षण किया गया



### डीएमएफटी के तहत जिले में शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल,सम्पूर्ण शिक्षा कवच के तहत हुआ एमओयू।

- **इंजीनियरिंग,मेडिकल सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बच्चों को उपलब्ध कराई जाएगी कोचिंग**
- **कैरियर काउंसलिंग की भी मिलेगी सुविधा।**

**श्रमबिंदु/रामगढ़।** रामगढ़ जिले में शिक्षा को बढ़ावा देने व सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार के मार्गदर्शन में नई पहल ₹सम्पूर्ण शिक्षा कवच₹ की शुरुआत की गई है।इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा है कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि हर बच्चे को न केवल अच्छी शिक्षा मिले बल्कि वह अपने करियर के सही मार्ग को पहचान सके और अपने सपनों को साकार करने के लिए जरूरी संसाधन और मार्गदर्शन प्राप्त करें। सम्पूर्ण शिक्षा कवच के तहत हम बच्चों को उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास दोनों में सुविधा पहुंचाएंगे ताकि वे आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हो। सम्पूर्ण शिक्षा कवच के तहत छात्रों को न केवल विषयों से संबंधित सहायता मिलेगी बल्कि करियर काउंसलिंग राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उनके व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी स्कूल के बच्चों को नई संभावनाओं से परिचित कराया जाएगा और उन्हें उनकी रुचि और क्षमताओं के आधार पर सही दिशा में आगे बढ़ाने में सुविधा प्रदान की जाएंगी।₹सम्पूर्ण शिक्षा कवच₹ परियोजना के तहत शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा एवं शैक्षणिक संस्था फिलो के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। परियोजना के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन माध्यमों से तैयार किया जाएगा जिसमें विद्यालयों में लाइव क्लासेस आयोजित किए जाएंगे वहीं बच्चों को ऑनलाइन माध्यम से 24×7 शिक्षकों से जुड़कर अपनी किसी भी प्रकार की दुविधा को दूर करने की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाएंगी।



# व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**श्रमबिंदु/रांची।**

झालसा के निर्देशानुसार,जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में जस्टिस नवनीत कुमार उच्च न्यायालय झारखंड रांची के मार्गदर्शन में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में शनिवार को रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जस्टिस नवनीत कुमार द्वारा व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के पिछले शनिवार को निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ एवं जिला प्रशासन रामगढ़ को यह निर्देश दिया गया था कि राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग शिविर एवं पुलिस जन संवाद का शिविर आयोजित किया जाय।रामगढ़ जिला पुलिस प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस जन संवाद केंद्र के शिविर का आयोजन किया गया जहां भारी संख्या में जनता को निःशुल्क चिकित्सीय स्वास्थ्य जांच एवं निशुल्क दावों का वितरण किया गया साथ ही लोगों को संक्रमण से बचने के उपाय बताए गए एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए पुलिस जन संवाद शिविर में जनता को यौन हिंसा,बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा,घरेलू विवाद एवं साइबर अपराध की जानकारी जन सामान्य को दी गई और विधिक सामग्रियों का वितरण किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में वादो के निस्पादन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारीयों एवं कर्मचारियों को आवशयक निर्देश दिए एवं पक्षकारों के सुविधा के लिए कुल छह बैंचों का गठन किया गया। जिसमें सभी क्रिमीनल सुलहनीय बाद,भूमि संबंधित वाद कॅन्टोनमेंट बोर्ड संबंधित वाद,बिजली अधिनियम वाद, क्रिमीनल रिविजन एवं अपिल,मोटर व्हीकल क्लेम वाद,सर्टिफिकेट वाद, फोरेस्ट एवं एक्साइज वाद,एन आइ एक्ट वाद,पारिवारिक,आय,इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन वाद जैसे बैंक,दुरभाष संबंधित वाद,कज्युमर फोरम वाद अनुण्डलीय कोर्ट से संबंधित वाद आदि का दोनों पक्षों की आपसी सहमती के आधार पर वादों का निस्पादन हुआ।प्रथम बेंच के सदस्य संजय कुमार, कुटुंब न्यायाधीश रामगढ़,प्रतिमा उरांव न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी,मंजूरी चाकी पैनल अधिवक्ता, डालसा,रामगढ़।तीय बेंच के सदस्य कुसुम कुमारी,जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम, रामगढ़,संजीविता गुइन सीनियर सिविल जज,बीबी जाहिदा खातून, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़।

- **तृतीय बेंच के सदस्य मनोज कुमार राम मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी**

आयशा सिंह सरदार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मनीष कुमार, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़।चतुर्थ बेंच के सदस्य संदीप कुमार बरतम अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, रोहित कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अखिलदेव कुमार, पैनल अधिवक्ता, डालसा, रामगढ़।पंचम बेंच के सदस्य के सदस्य प्रदीप कुमार चौरसिया, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, देवथन बैठा, सदस्य, स्थायी लोक अदालत, अरुण कुमार गुप्ता, सदस्य, स्थायी लोक अदालत, रामगढ़।षष्ठ बेंच के शिव कुमार शुक्ला, अध्यक्ष कज्यूमर फोरम, कुमारी मीना सिंह सदम्य कज्यूमर फोरम, जितेन्द्र कुमार, पैनल अधिवक्त्ता, डालसा, रामगढ़ थे।

दीप प्रज्वलित समारोह आलोक कुमार दुबे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष, डालसा, रामगढ़ की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें आमंत्रित प्रतिनिधि चंदन कुमार उपयुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़,अजय कुमार, पुलिस अधीक्ष सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़, संजय कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय,व्यव्हार न्यायालय रामगढ़ के सभी न्यायिक पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, जिला बार एसोसिएशन रामगढ़ के अध्यक्ष एवं सचिव स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष एवं सदस्य एवं विभिन्न सरकारी विभाग तथा बैंक के अधिकारीगण एवं सभी पक्षकार उपस्थित थे। तत्पश्चात डालसा अध्यक्ष ने इसे कैसे सफल बनाया जाए एवं इसकी क्या उपयोगिता है उसकी जानकारी संक्षेप में दी ताकि लोग जागरूक हों एवं इसका अधिकाधिक लाभ उठा सकें।कुल वादों का निस्पादन-10116 कुल समझौता राशि- रू० 8,58,85,523






## अत्यधिक बिजली बिल का निराकरण नहीं हुआ

**श्रमबिन्दु।**

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के बरमसिया ग्राम निवासी निरंजन कुमार ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता को आवेदन देकर मीटर से अधिक बिजली बिल निकालने की शिकायत की है। साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि विभाग के जीएम एवं झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन को देकर बिल सुधार की दिशा में पहल करने की मांग की है।आवेदन पत्र में लिखा है कि उनके घर में अभी बिजली का उपयोग बहुत कम हो रहा है।इसके बाद भी उनकी बिजली बिल हर महीना 900 से 1000 रुपये भेजा जा रहा है।लिखा है कि पिछला बार भी बिजली बिल माफी के लिए आवेदन दिया था। लेकिन अभी तक बिल माफ नहीं किया गया है।जबकि आवेदन में तत्कालीन मंत्री बेबी देवी द्वारा अनुशंसा भी की गई थी। इधर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा कि यदि उपभोक्ता के शिकायत का समाधान नहीं होता है तो विभाग के विरूद्ध आंदोलन किया जाएगा,क्योंकि ऐसी शिकायतें विभाग के विरूद्ध लगातार आ रहे हैं।




## ग्रेनेड व फ्यूज सुपुर्द करने में हुए विस्फोट से 2 जवान हुए घायल

**श्रमबिन्दु।**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में मधुबन थाना अंतर्गत लटकट्टो पिकेट में शनिवार की सुबह ग्रेनेड और उसके फ्यूज को हैंडओवर करने के क्रम में अचानक फ्यूज फट गया। जिससे पिकेट में तैनात दो जवान घायल हो गए।घायल जवानों में हवलदार अशोक कुमार और सिपाही गौतम कुमार शामिल हैं। दोनों जैप के जवान हैं।दोनों घायलों का इलाज धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कराया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार एक जवान छुट्टी पर जा रहा था।ऐसे में वह अपने पास रखे ग्रेनेड और उसके फ्यूज को हैंडओवर कर रहा था।इसी क्रम में फ्यूज फट गया और जवान का हाथ जख्मी हो गया।घायल जवानों में अशोक कुमार बिहार के लखीसराय और गौतम साहिबगंज के रहने वाले हैं। इधर इस घटना के बाद एसपी डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद समेत अन्य अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। एसडीपीओ ने बताया कि ग्रेनेड का फ्यूज ब्लास्ट हुआ है।घटना में दो जवान घायल हुए हैं।घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए तुरंत धनबाद ले जाया गया। इसके साथ ही जवानों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही थी।



## राजीव कुमार झा तकनीकी पदाधिकारी संगठन के अध्यक्ष चुने गए

**श्रमबिन्दु।**

**निरसा।** डीवीसी मैथन स्टेशन क्लब में शनिवार को तकनीकी पदाधिकारी संगठन का 31वां आम सभा हुआ। मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक (विद्युत) सुजित कुमार मौजूद थे। स्वागत संगठन अध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ देकर उनका किया। डीवीसी के सभी परियोजनाओं से प्रतिनिधिमंडल उपस्थित थे। सभी ने अपने अपने परियोजना की समस्याओं एवं संगठन की उपलब्धियों का जिक्र किया। वक्ताओं में एक बात पर सहमति थी कि अधिकारी वर्ग में पदोन्नति नीति में सबसे ज्यादा नुकसान डीवीसी तकनीकी पदाधिकारी संगठन के सदस्यों का हो रहा है। नई नीति में बदलाव की सख्त जरूरत है। मुख्य अतिथि सुजीत कुमार ने स्वीकार किया कि वर्तमान में निगम में मैन पावर की कमी है। संगठन के सदस्य उन बदलते हालात में भी अपने कार्य का निस्तारण बखूबी निभा रहे हैं। यह गर्व का विषय है, जो निगम के हित में चलते रहना चाहिए। कोषाध्यक्ष ने लेखा जोखा पेश किया। संगठन अध्यक्ष जोगेंद्र प्रसाद सिंह ने संगठन की आवश्यकता पर बल देते हुए उपलब्धियों का जिक्र किया। महासचिव शुभेंदु बनर्जी ने संगठन के प्रारुप पर विस्तार से चर्चा की। संगठन के विकास एवं विस्तार पर विचार रखी। निगम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की चर्चा की। संचालन दीपक कुमार दास ने की। कार्यक्रम के अंत में कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष चंद्रपुरा के राजीव कुमार झा, महासचिव मैथन के पार्थ सारथी दास एवं कोषाध्यक्ष दुर्गापुर के संजय प्रियदर्शी, मुख्य संरक्षक में शुभेंदु बनर्जी व जोगेंद्र प्रसाद सिंह का चुने गए। मुख्य संरक्षक जोगेंद्र प्रसाद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मैथन कमेटी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




### ग्रेनेड और फ्यूज देने में विस्फोट होने से 2 जवान घायल

**श्रम बिंदु /गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के मधुबन थाना अंतर्गत लटकट्टो पिकेट में शनिवार की सुबह ग्रेनेड और उसके फ्यूज को हैंडओवर करने के क्रम में अचानक फ्यूज फट गया। जिससे पिकेट में तैनात दो जवान घायल हो गए।घायल जवानों में हवलदार अशोक कुमार और सिपाही गौतम कुमार शामिल हैं। दोनों जैप के जवान हैं।दोनों घायलों का इलाज धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कराया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार एक जवान छुट्टी पर जा रहा था।ऐसे में वह अपने पास रखे ग्रेनेड और उसके फ्यूज को हैंडओवर कर रहा था।इसी क्रम में फ्यूज फट गया और जवान का हाथ जख्मी हो गया।घायल जवानों में अशोक कुमार बिहार के लखीसराय और गौतम साहिबगंज के रहने वाले हैं। इधर इस घटना के बाद एसपी डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद समेत अन्य अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। एसडीपीओ ने बताया कि ग्रेनेड का फ्यूज ब्लास्ट हुआ है।घटना में दो जवान घायल हुए हैं।घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए तुरंत धनबाद ले जाया गया। जवानों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही थी।



## टोल कर्मी की दादागिरी से वाहन चालक परेशान, संवेदक तुरंत ले संज्ञान:राजेश

### माले नेता ने 48 घंटा के अंदर संज्ञान लेकर जांच करवाने की मांग की,अन्यथा कानून हाथ में लेने की बात कही

**श्रमबिन्दु।**

**गिरिडीह।** भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े बारह से एक बजे के बीच ट्रक चालक और उसके मालिक संजय यादव जमुआ तरफ से चितरडीह तरफ से आ रहे आ रहे थे,उसी बीच बुढ़वा तालाब के पास टोल टैक्स कर्मी 180 रुपए का बिल काट कर दिया गया,ट्रक नंबर जे एच 099/3886 था,बिल के एवज में ड्राइवर ने 500 रुपए का नोट दिया,वह सभी पैसा रखने लगा लेकिन अंतिम में 300 रुपया रख लिया, मना करने के बाद गाली गलौज के साथ मार पीट करने लगा,आवेदक संजय यादव कहा कि थोड़ा आगे बढ़ाने पर चाभी छीन लिया और मालिक और ड्राइवर दोनों के साथ मारपीट की, मना करने पर और यह कहने पर कि न्यूज में आयेगा तो और भी मार पीट किया गया।

कहा कि रात लगभग डेढ़ बजे राजेश सिन्हा से फोन पर संजय यादव ने बातचीत की और लगभग दो बजे रात को,मालिक संजय यादव शास्त्री नगर श्री सिन्हा के घर पर पहुंचा और घटना के बारे में जानकारी दी। रात में ही सिन्हा ने प्रयास किया कि संवेदक के लोगो से बात किया जाय लेकिन हो नहीं पाई।


माले नेता सिन्हा ने सुबह संवेदक के लोगो को मेसेज कर दिया, वो लगभग आठ लड़के थे,सबको सिन्हा ने बताया, पहले उस समय ड्यूटी करने वाले को जांच किया जाय और उसको नौकरी से सबसे पहले हटाया जाय,संवेदक के पार्टनर सुमन राय ने बताया है कि जांच करवा रहे है,जल्द जांच के बाद कारवाई की जाएगी।

सिन्हा ने कहा कि पहले भी ऐसी घटना हुई है,शिकायत के बाद जिला प्रशासन और संवेदक ने गलत लोगों को हटाया भी दिया था,किंतु अब फिर से लुट जारी हो गया है,ऐसे लोगो को संवेदक क्यों रखते हैं, ऐसे लोगो को जो मारपीट करता है,कहा कि पचंबा थाना में आवेदन दिया जायेगा।

सिन्हा ने बताया कि संवेदक जो कमाते है उससे शायद टोल टैक्स के कर्मियों को सेलरी नहीं दे पाते हैं, इस लिए ऐसा बार बार होता है।

माले नेता सिन्हा ने कहा कि कानून को हाथ में तब लेंगे, जब 48 घंटे के अंदर इस पर प्रशासन संज्ञान नहीं लेगी।



## शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक का हुआ आयोजन।

**श्रमबिंदु/रामगढ़।**

डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा,लारी के बहुउद्देशीय सभागार में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, महाविद्यालय प्रशासक डॉ सुशील कुमार उपाध्याय,प्राचार्य डॉ शिव कुमार राणा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस बैठक का उद्देश्य एक स्वस्थ्य संवाद स्थापित करना,छात्रों की शिक्षा को अग्रसर करना,व्यवहार,अनुशासन,उपस्थिति एवं समय प्रबंधन,भविष्य की योजनाएं एवं मार्गदर्शन रहे।अभि भावको में सीन रजा अभिभावक प्रतिनिधि प्रेमनाथ कुमार,विरेन्द्र कुमार,खुदीराम महतो,प्रकाश प्रभाकर,जगदीश महतो,सनन, अहमद,लोकेश्वर महतो,राधा देवी, मिनी देवी रहे । कार्यक्रम की देख-रेख एवं संचालन सहायक प्राध्यापक संजु रंजना होरो ने किया।उपस्थित शिक्षक में रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा,परवेज अख्तर,डॉ अशोक राम,सुप्रिया बर्मन,मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, सुलेखा कुमारी,सतीश कुमार बिन्द,मौजुद थे ।



## न्यूज़ अपडेट

### स्कूली छात्रा से मोबाइल छिनतई के आरोप में युवक गिरफ्तार

**श्रमबिंदु /धनबाद** । चिरकुंडा, चिरकुंडा थाना स्थित नेहरू रोड में गत दिनो मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों द्वारा स्कूली छात्रा के साथ मोबाइल छिनतई के आरोप में चिरकुंडा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने उसके पास से छात्रा का मोबाइल सहित युवक के मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है।

चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि 16 नवंबर को नेहरू रोड में स्कूली छात्रा अनुसूइया दत्ता से मोटरसाइकिल में सवार दो युवकों द्वारा झपट्टा मारकर मोबाइल की छिनतई कर ली गई थी। पुलिस ने मोबाइल ट्रेस के आधार पर थाना क्षेत्र के जुनकुदर स्थित जीओसीपी कालोनी में घर से मोबाइल चोरी के आरोप में युवक शुभम यादव को गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवक के पास से छात्रा का मोबाइल भी बरामद कर लिया है व युवक के मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। युवक को पुलिस ने पुछताछ के बाद जेल भेज दिया है वहीं दूसरे युवक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

छापेमारी में थाना प्रभारी रामजी राय,एसआई शशि प्रकाश,सुखदेव महतो कमलजीत चौधरी आदि पुलिसकर्मी थे।

### विधायक चंद्रदेव महतो को किया सम्मानित

**श्रमबिंदु /धनबाद** । अधिवक्ता एवं कांग्रेस पार्टी के एसके सईम के नेतृत्व में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो को सोल ओढ़ाकर एवं भारत के संविधान का छायाचित्र देकर स्वागत व सम्मानित किया गया जिसमें झरिया डिगवाडीह के कांग्रेस पार्टी के नेताओं के द्वारा भी विधायक जी को गुलदस्ता एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हलचल रजा, नगर अध्यक्ष संतोष सिंह, प्रखंड महासचिव अल्ताफ रजा, एमडी अरशद, एमडी आरजू ,वसीम डांसर, शेख वकील, मो वसीम एवं पार्टी के नेतागण उपस्थित थे।




### अनाथ दिव्यांग विशाल को मिशनरी ऑफ चैरिटी अनाथालय में मिला आश्रय



**श्रमबिंदु /धनबाद** । झरिया रिसोर्स सेंटर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह के पहल पर भौंरा गोरखूंटी के विशाल राय को धनबाद स्थित मिशनरी ऑफ चैरिटी के अनाथालय के मेल वार्ड में आश्रय मिल गया । शनिवार को गोरखूंटी बस्ती के लोग विशाल को ले कर अनाथालय पहुंचे, मिशनरी ऑफ चैरिटी के हेड सिस्टर विशाल को देखकर बहुत खुश हुई ।

सिस्टर ने कहा कि ऐसे दिव्यांग अनाथ बच्चे भगवान के रूप हैं । ईश्वर ने मुझे सेवा का मौका दे कर हम पर उपकर किया है । यहां खाना, रहना, चिकित्सा के साथ सेवा में किसी तरह की कमी नहीं होगी ।

इस पुनीत कार्य में झरिया रिसोर्स सेंटर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह, सुनील मिश्रा, गंगाधर राय, दशरथ राय, निराला हेमब्रम, सुमित्रा देवी, शांति देवी एवं किशोरी लोहार का सराहनीय योगदान रहा ।

### लोयला स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**श्रमबिंदु /धनबाद** ।चिरकुंडा, शनिवार को चिरकुंडा तालडंगा स्थित लोयला स्कूल मे वार्षिक खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि निरसा विधायक अरुप चटर्जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला, शिक्षा निदेशक फादर एल्विन सी वी व डीवीसी पंचेत के सहायक कमांडेंट रविंद्र कुमार, स्कूल के सचिव फादर ए अल्फांस , स्कूल के प्रिंसिपल फादर जॉनी पी देवासिया, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर विवियाना एवं अन्य गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत नृत्य एवं विद्यालय के प्रिंसिपल के द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत भाषण के द्वारा किया गया। इसके बाद बच्चों के द्वारा कदमताल एवं खेलकूद प्रतियोगिता के मशाल स्तंभ को प्रज्वलित करके स्कूल के वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ किया गया । विद्यालय के प्रिंसिपल फादर जॉनी पी देवासिया के द्वारा बच्चों को प्रेरित होकर एवं निष्पक्ष खेल खेलने का शपथ दिलाया गया । उन्होंने कहा कोविड-19 के बाद लोयोला स्कूल में इस व्यापक खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलकूद हमारे जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है यह हमें जीवन के अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। वहीं मुख्य अतिथि विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि सफलता के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है।



उन्होंने स्कूल प्रबंधन के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी बधाई दिया ।कार्यक्रम में विद्यालय के चार दल नाग , पृथ्वी , आकाश और अग्नि नाम से इंगित किया गया। अपने दल को जितने हेतु जी तोड़ मेहनत किए एवं समूह और एकता का मिसाल पेश किया । ज्ञात हो कि इन दलों का नाम भारत के मिसाइल पर रखा गया है। कार्यक्रम में मिस्टर लोयला एवं मिस लोयला को मुकुट एवं पप्रशस्तिपत्र पत्र के द्वारा खिताब दिया गया। यह पुरस्कार उनके वार्षिक उपलब्धियां के लिए दिया गया । वही मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने स्कूली बच्चों को एवं प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का काम किया । अंत में विद्यालय के शीर्ष दल को चैंपियंस ट्रॉफी प्रदान किया गया स्कूल के अभिभावक गण विभिन्न वर्ग के बच्चों द्वारा अनुशासित ड्रिल एवं स्वागत नृत्य को देखकर वहां बैठे सभी दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए । वहीं स्कूल के वाइस प्रिंसिपल सिस्टर विविआना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# धनबाद में नेशनल लोक अदालत, शुरूआती चार घंटे में 12 अरब रूपए की रिकवरी

## दोपहर तक कुल दो लाख दस हजार प्री लेटिगेशन विवादों का निपटारा




**श्रमबिंदु /धनबाद** ।

नालसा के निर्देश पर वर्ष 24 के अंतिम नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जस्टिस एस. एन. प्रसाद ने ऑनलाइन रांची से किया। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस मौके पर धनबाद मे आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत अब परिचय का मोहताज नहीं रह गया है वह लोगों के स्वाद व आदत में शामिल हो चुका है। नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है ,नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है।हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक,आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है । उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते।लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है।इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। साथ ही प्रेम और सौहार्द आपस में फिर से बन जाता है। लोगों मे प्रेम, शाति ,समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है।डीडीसी धनबाद सादात अनवर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं जिला प्रशासन हर वक्त समाज के लोगों की सेवा में डालसा के साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम कर रहा है।धनबाद बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो ने कहा कि डालसा आम लोगों के हित मे लगातार काम कर रहा है।सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ-साथ वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है।

- **दो लाख तीन हजार 488 विवादों का निपटारा**

अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 12 बेंच का गठन किया गया था है जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया । नेशनल लोक अदालत में शुरूआत के केवल चार घंटे मे ही बीस हजार 34 कोर्ट मे लंबित विवादों का निपटारा कर दिया गया वहीं विभिन्न विभागों से संबंधित दो लाख दस हजार प्रिलेटिगेसन मामलों का निपटारा किया गया। दोपहर एक बजे तक

12 अरब रूपए की रेकॉड रिकवरी की गई। शाम तक यह आंकड़ा और बढने की संभावना है।

उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया ।

- **मौजूद थे न्यायाधिश**

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन, एस एन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी,संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे, रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, हेमंत कुमार सिंह,संतोषणी मुर्मू ,स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर रवींद्रनाथ ठाकुर, जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु,डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट व टीम, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मईया सम्मान योजना: पंजीकृत लाभुकों की संख्या में धनबाद तीसरे नंबर पर, तो रांची नंबर एक,जानिए दूसरा जिला कौन है

**श्रमबिंदु /धनबाद** ।

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में धनबाद में कुल 4,47, 898 लाभुक पंजीकृत हैं. जबकि बगल के बोकारो जिले में 3, 99,556 लाभुक पंजीकृत हैं. सबसे अधिक राजधानी रांची में लाभुक पंजीकृत हैं. इनकी संख्या 5,23,668 बताया गया है.जबकि गिरिडीह में यह संख्या 5,18,713 अंकित है. यह संख्या लगातार बढ़ रही है, जानकारी के अनुसार झारखंड में संपन्न हुए चुनाव से पहले आचार संहिता लागू होने तक पंजीकृत लाभुकों की संख्या 59 लाख थी. चुनाव के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद योजना में पंजीकृत लाभुकों की संख्या बढ़कर 64 लाख से अधिक हो गई है. 3 दिसंबर तक इस योजना के कुल लाभुकों की संख्या 64 , 62,005 थी. इनमें से 53, 65,354 लाभुकों को सहायता राशि देने की स्वीकृति दी जा चुकी है.दिसंबर महीने से इन महिलाओं को हर महीने रू2500 मिलना शुरू हो जाएगा. बताया जाता है कि सम्मान राशि इस महीने के 18 से 20 तारीख के बीच रिलीज हो सकती है. अनुपूरक बजट में राशि की मंजूरी दी गई है. पर कुछ प्रक्रियाओं का पालन किया जाना है. इसके बाद राशि रिलीज होगी,




एक आंकड़े के अनुसार धनबाद में 3.63 लाख से अधिक महिलाओं को बैंक खाते में सहायता राशि प्रदान की जा रही है. सम्मान राशि को लेकर महिलाओं में काफी उत्सुकता है. तो घोषणा के अनुसार राशि महिलाओं के बैंक खाते में भेजने के लिए सरकार भी सक्रिय है. बजट में इस योजना के लिए राशि आवंटित नहीं होने के कारण अनुपूरक बजट में राशि का प्रावधान किया गया. अब इसकी स्वीकृति मिल चुकी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फिलहाल संथाल परगना के दौरे पर हैं. शुक्रवार को देवघर में थे .शनिवार को भोगनाडीह में जनसभा को संबोधित करेंगे. इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है ।

## कोयलाकर्मियों को इस तिमाही अधिकतम 3 हजार का क्यों होगा फायदा ?




**श्रमबिंदु /धनबाद** ।कोयलाकर्मियों को दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक 20.01% की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान होगा, ऐसा इसलिए होगा कि कोयला कंपनी में महंगाई भत्ते में पिछली तिमाही के मुकाबले 2.20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. कोल इंडिया के महाप्रबंधक ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है. जानकारी के अनुसार महंगाई भत्ते में 2.20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. एक आकलन के अनुसार न्यूनतम 255 रुपए और अधिकतम 3000 की बढ़ोतरी पिछली तिमाही से हो सकती है. हालांकि यूनियन के नेता इससे सहमत नहीं है. उनका कहना है कि महंगाई की रफ्तार को देखते हुए महंगाई भत्ता अधिक होनी चाहिए ,

» यूनियनों ने गणना के फॉर्मूले पर उठाया है सवाल

यूनियनों ने महंगाई दर का लेखा-जोखा करने वाले फार्मूले पर सवाल उठाते हुए इसमें संशोधन करने की मांग की है. विभिन्न मजदूर संगठनों की ओर से लगातार महंगाई भत्ते में वृद्धि की मांग की जा रही थी. यह अलग बात है कि कोल इंडिया में रेगुलर कर्मचारियों की संख्या दिन - प्रतिदिन घट रही है. नई नियुक्तियां लगभग नहीं के बराबर हो रही है. यह बात जरूर है कि कोल इंडिया में उत्पादन का ग्राफ बढ़ा है, लेकिन यह सब आउटसोर्स कंपनियों के भरोसे हो रहा है, समूचे देश में कुल 14 निजी कोयला ब्लॉक का आवंटन हुआ हुआ है. उनमे 10 केवल झारखंड में है, झारखंड को सेस और डीएमएफटी फंड में अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी. सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड अब 50 साल की हो गई है,

» पहली नवंबर 2024 को कोल इंडिया के गठन के 50 साल पूरे हो गए

पहली नवंबर 2024 को इस कंपनी के गठन के 50 साल पूरे हो गए है. इस कंपनी को महारत्न कोयला कंपनी का भी दर्जा प्राप्त है. यह बात भी सच है कि 1975 में, जहां कोल इंडिया का उत्पादन लगभग 90 मिलियन टन था. वही 2024 में इस कंपनी का उत्पादन 775 मिलियन टन के करीब पहुंच गया है. कोल इंडिया से उत्पादित कोयले की आपूर्ति कोयला आधारित बिजली संयंत्र को 80% के लगभग होती है. यह अलग बात है कि कोल इंडिया का उत्पादन कई गुना अधिक हो गया है. लेकिन लोगों को टीस देनेवाली बात यह है कि कोयला उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के समय कर्मचारियों की संख्या जहां लगभग 6. 50 लाख थी , वही आज लगभग सवा दो लाख कर्मचारी ही कंपनी में रह गए है ।

## कोलियरी क्षेत्र में कोयला लूट की छूट , कोयला माफिया गणेशी का सिंडीकेट एक बार पुनः हुआ सक्रिय

**श्रमबिंदु /धनबाद** ।

अलकडीहा-लोदना में डंके की चोट पर दोनों हाथ से लूट रहा ''काला हीरा सैकड़ों की संख्य में मजदूर के माध्यम माइंस से निकालते अवैध कोयला।

कोयला माफिया गणेशी जी का सिंडीकेट एक बार पुनः हुआ सक्रिय ।अलकडीहा-लोदना में डंके की चोट पर दोनों हाथ से लूट रहा ''काला हीरा सैकड़ों की संख्य में मजदूर के माध्यम माइंस से निकालते अवैध कोयला।

आपको बता दे एक कहावत तो आपने सुनी होगी मोर सैया हवलदार तो डर कहे का ।इसी कहावत को चरितार्थ कर रहा गणेश जी का सिंडीकेट ।

बताते चले कि कोयला माफिया गणेश जी का सिंडीकेट एक बार पुनः सक्रिय सक्रिय हो गया है और अलकडीहा-लोदना में डंके की चोट पर दोनों हाथ से लूट रहा अवैध कोयला ।



बताते चले कि झरिया क्षेत्र की भौगोलिक बनावट,प्रकृति द्वारा दिया गया काला हीरा का अकूत भंडार ''गणेशी'' के लिए सहायक साबित हो रहा है।

इन दिनों झरिया कोयलांचल का हुचक टांड़, जयरामपुर, अलक डीहा, पार बाद, लोदना गणेशी का रिजर्व चारागाह बना है। बस्ती के बस्ती महिला,पुरुष गणेशी सिंडिकेट के गुर्गे हैं जो बंद खदान, रेलवे यार्ड और समीप के आउट सोर्सिंग से कोयला टपा अलग अलग जगह पर जमा कर देते हैं। जहां से कोयला माफिया गणेशी जी उक्त कोयला को ट्रकों के माध्यम से गोबिंदपुर या सुदाम डीह के रास्ते बंगाल में खपा देता है।

इतिहास गवाह है गणेशी सिंडीकेट की इतना दबदबा है कि कोई भी लूट के काम में बाधा डालने वालों पर बस्ती वाले हमला तक कर देते हैं। इस क्षेत्र की भौगोलिक बनावट ऐसी है कि बाहरी राहगीरों का इधर आना जाना नहीं होता। चारों ओर ओवर बर्डन का पहाड़ या गहरी खदान है। पुलिस और उक्त्रक्का पेट्रोलिंग यदा कदा इस क्षेत्र में नजर आता है लेकिन उन्हें कोयले की लूट नजर नहीं आती।जिसका फायदा गणेश जी को होता है । बताते चले कि एक समय था जब धनबाद कोयलांचल में एसएसपी संदीप सिंह के समय कोयला माफिया की बल्ले बल्ले थी दोनों हाथों से कोयला माफिया अवैध कोयला लुटने में लगे थे जैसे ही धनबाद में नए एसएसपी पी जनार्दन की इंट्री हुई कोयला माफिया में हड़कंप मच गया और अवैध कोयला चोरी पर अंकुश लग गया था और लोगो को भी लगा कि अब कोयलांचल में अवैध उत्खनन में मजदूरों की मौत नहीं होगी और कोयला चोरी नहीं होगा लेकिन समय के अनुसार सब धीरे धीरे मैनेज हो गया आज फिर से पहले की तरह स्थिति हो गई और कोयला माफिया दोनों हाथों से कोयले की लूटने में लगे है । और स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ चुप्पी साधे तमाशबीन बनी बैठी है ।

# जन विकास समिति के द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया

**श्रमबिंदु/देवघर ।**

दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को जन विकास समिति के द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में कुल 1200 दिव्यांगजन एवम उनके अभिभावक कार्यक्रम में प्रतिभाग किये । इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया`

अतिथियों का स्वागत जन विकास समिति के कार्यकारी निदेशक श्री चन्द्रन रैमण्डस द्वारा पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्रम के माध्यम से किया गया` अपने स्वागत उदबोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुऐ कहा वाराणसी में विगत 27 वर्षो से दिव्यांगजनों के पुनर्वास हेतु उत्तर एवं उत्तर पूर्व भारत के 14 राज्यों में अपनी सेवा प्रदान कर रही है। हमें यह बताने में हर्ष हो रहा है कि पिछले चार वर्षो में जन विकास समिति अपने उत्कृष्ट पुनर्वास सेवा हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दो बार पुरस्कृत किया जा चुका है ।

इस कार्यक्रम के मुख्य आतिथि माननीय सुश्री रागिनी सोनकर जी विधायक मछली शहर के साथ साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नवीन सिंह बबलू जी सांसद चंदौली के प्रतिनिधि ने किया। स्वागत गीत जीवन ज्योति स्कूल के दृष्टिबाधित बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया` जन विकास समिति द्वारा संचालित मुस्कान डे केयर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य ने दर्शकों को आश्चर्य चकित कर दिया और यह सन्देश दिया की अस्थि बाधा भी जीवन जीने मे कोई बाधा उत्पन्न नहीं कर सकती ` किरण सोसाइटी के दिव्यांग बच्चों द्वारा व्हील चेयर डांस के माध्यम से एक नया समां बांध दिया` इस कार्यक्रम मे माननीय मुख्य आतिथि और विशिष्ट अतिथि के द्वारा दिव्यांग बच्चों के देखभाल के लिए माता पिता और अभिभावको के जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जन विकास समिति द्वारा अभिभावक सुझाव पुस्तिका का विमोचन किया गया`



इस अवसर पर जन विकास समिति द्वारा वर्ष 2024 का एम्पावरबिलिटी अवार्ड सम्मान सात दिव्यांग बच्चों को दिया गया` ये बच्चे आज आपने पैरों पे खड़े हो कर अलग अलग क्षेत्रों मे अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर रहे हैं`

विशिष्ट अतिथि श्री कैलाशनाथ सोनकर निवर्तमान विधायक अजगरा विधानसभा ने अपने उदबोधन मे जन विकास समिति द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की और 2024 मे राज्यस्तरीय पुरस्कार मिलने पर बधाई दी` साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि आजीवान दिव्यांगो के अधिकारों और विकास हेतू कार्य करते रहेंगें`

विशिष्ट अतिथि श्री शशि प्रताप सिंह रास्ट्रीय अध्यक्ष नेशनल इक्वल पार्टी ने अपने उदबोधन मे विशेष रूप से संवैधानिक पदों और राजनितिक दलों में दिव्यांगजनों के आरक्षण को सुनिश्चित करने की बात कहीं`

विशिष्ट अतिथि श्री उतम ओझा सदस्य दिव्यांगजन राज्य सलाहकार बोर्ड ने सरकार द्वारा दिव्यांगनों हेतू संचालित योजनाओ के बारे मे बिस्तर पूर्वक बताया` और राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन पेंशन 1000 रूपये प्रतिमाह से बढाकर 1500 रूपये करने जा रही है की जानकारी दी` जिस पर कार्यक्रम में उपस्थित 1200 दिव्यांगजनों ने तालियों से स्वागत किया`

मुख्य आतिथि सुश्री डॉ. रागिणी सोनकर विधायक मछलीशहर विधानसभा ने अपने हाथों से सम्मानित किए गए रोहित कुमार पैरा नेशनल खिलाड़ी इस लड़की पर झारखंड का नाम रोशन करते हुए जन विकास से ओजस्वी संबोधन मे जन विकास समिति द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की और वचन दिया की वो हमेशा दिव्यागजनों के लिये सदैव तत्पर रहेगी और विशेष रूप से दिव्यांग महिला और किशोरियो के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करने के लिए यथा संभव सहयोग और समर्थन देती रहेंगी`

कार्यक्रम के अंत मे अपने अध्यक्षीय संबोधन मे श्री नवीन सिंह बबलू सांसद प्रतिनिधि चंदौली ने अपने संबोधन मे जन विकास समिति को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की शुभ कामनाये दी और अपने संसदीय क्षेत्र मे दिव्यांग जन को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेहिचक संपर्क करने की अपील की और आश्वासन दिए की जन विकास समिति के साथ जुडकर दिव्यांग जनों के हित हेतू सदैव तत्पर रहेंगें` कार्यक्रम के अंत मे 1000 दिव्यांग बच्चों को कम्बल बितरित किया गया` धन्यवाद् ज्ञापन श्री रणजीत कुमार सिंह मुख्य कार्यक्रम अधिकारी जन विकास समिति द्वारा किया गया`

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री मूसा आज़मी और राज्य पुरस्कार से सम्मानित सुश्री सावित्री द्वारा किया गया` इस कार्यक्रम में श्री बिन्स, ×फेलिक्स , अभिषेक मिश्रा , अनूप , निलाद्री , आशा , पवन , धीरेन्द्र , मोहित , पूनम , सुरेन्द्र , संतोष , कैलाश , अन्जेलिका , अतुल , सुभावती , जरावती , अंजू ने सक्रिय योगदान दिया`

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com